

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, शुक्रवार, 26 दिसंबर 2025

संवत 2082, पौष शुक्ल 7 मूल्य-2 रुपये

वर्ष-9, अंक 107 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028



4 ▸▸ क्या कांग्रेस के अंदर बन रहे हैं दो सत्ता केंद्र?

आईपीएल ऑल टाइम-11 से रोहित बाहर, एमआई के पूर्व खिलाड़ी क्रिस जॉर्डन ने आउट किए कप्तान ◂◂ 6


# प्रेम प्रसंग में युवक ने प्रेमिका को मारी गोली, खुद भी दे दी जान, जांच में जुटी पुलिस

## घर पहुंच प्रेमी ने की आत्महत्या, मरने से पहले वीडियो बना बताई घटना की वजह





मेट्रो रेज

**रांची:** राजधानी रांची से करीब 50 किलोमीटर दूर खलारी थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक दिल दहला देने वाली घटना हुई। यहां 35 वर्षीय युवक सुनील केवट ने अपनी प्रेमिका को सीने में गोली मार दी। इसके बाद वह घर लौटा और खुद के सिर में गोली मारकर आत्महत्या कर ली। इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है।

रूरल एसपी प्रवीण पुष्कर ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि यह वारदात सुबह 9 से सवा 9 बजे के बीच हुई। लड़की घर से बाहर निकल रही थी, तभी केडीएच ग्राउंड के पास सुनील ने उसे घेर लिया और गोली चला दी। गोली लगते ही वह जमीन पर गिर गई। आसपास के लोगों ने उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया, लेकिन हालत गंभीर होने पर रांची रेफर कर दिया गया।

घटना के बाद सुनील घर गया और करीब 10 मिनट का वीडियो रिकॉर्ड किया। इसमें उसने बताया कि लड़की ने उसे धोखा दिया। जांच से पता चला है कि दोनों के बीच छह साल से प्रेम संबंध थे और वे एक ही मोहल्ले में रहते थे। हाल ही में लड़की की शादी कहीं और तय हो गई थी, जिससे सुनील बेहद परेशान था। यही वजह बताई जा रही है कि उसने यह कदम उठाया। सुनील मूल रूप से छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले के मस्तुरी थाना क्षेत्र के मल्हार गांव का रहने वाला था। उसका परिवार खलारी के केडीएच कॉलोनी में रहता है। लड़के का भाई और लड़की के पिता सीसीएल में नौकरी करते हैं। पुलिस ने सुनील का शव कब्जे में ले लिया है । शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। साथ ही यह जांच भी की जा रही है कि उसके पास पिस्टल कहां से आई। मामले की गहन छानबीन जारी है।

## कार से टकराई तेज रफ़्तार बाइक , युवक की मौत



**खूंटी:** गुरुवार रात खूंटी-रांची मार्ग पर एक भीषण सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। दुर्घटना पिपरा टोली, नामकुम में नए बस स्टैंड के पास रात करीब 9 बजे हुई।

खबरों के अनुसार, एक बजाज पल्सर बाइक (नंबरः जेएच-01-जीजे-8119) तेज गति से रांची की ओर जा रही थी। पिपरा टोली के पास बने नए बस स्टैंड के समीप उसने रांची की ओर जा रही एक स्विफ्ट कार को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान बोकवा कोलेबिरा निवासी 25 वर्षीय रोहित नायक के रूप में हुई है। वह रांची के एक होटल में मैनेजर के तौर पर काम करता था। सूत्रों के मुताबिक, उसके चेहरे और शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आई थीं।

आस-पास के लोगों ने घटना के बाद एंबुलेंस को सूचना दी और मदद के लिए पहुंचे। घायल युवक को प्राथमिक उपचार के लिए खूंटी सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। स्थानीय लोगों के अनुसार, जिस स्विफ्ट कार से बाइक की टक्कर हुई, वह काफी देर तक घटनास्थल पर रही, लेकिन बाद में कार चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। दुर्घटना के सही कारणों और जिम्मेदार व्यक्ति का पता लगाने के लिए जांच जारी है। यह घटना एक बार फिर तेज रफ़्तार और लापरवाह ड्राइविंग के घातक परिणामों की ओर इशारा करती है। पुलिस ने मामले में कार्रवाई की कार्यवाही शुरू कर दी है।

## अमेरिका का बड़ा एक्शन! नाइजीरिया में आईएसआईएस ठिकानों पर एयरस्ट्राइक



**नई दिल्ली:** क्रिसमस के मौके पर अमेरिका ने पश्चिम अफ्रीका में आतंकवाद के खिलाफ अपनी अब तक की सबसे बड़ी सैन्य कार्रवाई की है। अमेरिकी वायुसेना ने उत्तर-पश्चिमी नाइजीरिया में आतंकी संगठन आईएसआईएस के ठिकानों पर भीषण एयर स्ट्राइक की। इस हमले की पुष्टि खुद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया के जरिए की है।

**ट्रंप का कड़ा संदेशः नरसंहार बर्दाश्त नहीं :** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने 'ट्रुथ सोशल' हैंडल पर इस ऑपरेशन की जानकारी देते हुए इसे ईसाइयों की हत्याओं का बदला बताया। ट्रंप ने कहा, मैंने इन आतंकवादियों को पहले ही चेतावनी दी थी कि अगर निर्दोष ईसाइयों का कत्लेआम नहीं रुका तो उन्हें इसके भयानक परिणाम भुगतने होंगे। आज रात वही हुआ। राष्ट्रपति के अनुसार कमांडर-इन-चीफ के रूप में उनके निर्देश पर युद्ध विभाग ने आईएसआईएस के ठिकानों पर सटीक और घातक हमले किए।

अमेरिकी रक्षा मंत्रालय ने इस ऑपरेशन का एक वीडियो भी जारी किया है जिसमें अंधेरी रात में आतंकियों के ठिकानों को तबाह होते देखा जा सकता है। अमेरिका ने इस सैन्य अभियान को शक्ति के बल पर शांति का प्रदर्शन बताया है। यह नाइजीरिया की धरती पर अमेरिका का अब तक का सबसे बड़ा हवाई हमला माना जा रहा है। अधिकारियों के मुताबिक हमले में बड़ी संख्या में आतंकवादी मारे गए हैं।

## ऑस्ट्रेलिया की तरह भारत में भी बच्चों के लिए बैन हो सोशल मीडिया, मद्रास हाईकोर्ट का केंद्र को दिया सुझाव



**नई दिल्ली :** बच्चों की ऑनलाइन सुरक्षा को लेकर मद्रास हाई कोर्ट की मदुरै बेंच ने केंद्र सरकार को एक अहम सुझाव दिया है। कोर्ट ने कहा है कि ऑस्ट्रेलिया की तरह भारत में भी ऐसा कानून लाने पर विचार किया जा सकता है, जिसके तहत 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के इस्तेमाल पर पूरी तरह रोक हो।

जस्टिस केके रामकृष्णन और जस्टिस जी जयचंद्रन की डिवीजन बेंच एक जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें इंटरनेट पर बच्चों तक पहुंच रही आपत्तिजनक सामग्री को लेकर चिंता जताई गई थी। याचिका एस विजयकुमार ने दायर की थी, जिसमें उन्होंने देशभर के सभी इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर्स के लिए पैरेंटल कंट्रोल या पैरेंटल विंडो की सुविधा अनिवार्य करने की मांग की थी। याचिकाकर्ता का कहना था कि इंटरनेट पर अश्लील सामग्री और चाइल्ड सेक्शुअल अब्यूज मटेरियल बेहद आसानी से उपलब्ध है, जिससे नाबालिग बच्चे प्रभावित हो रहे हैं। इससे उनके मानसिक और भावनात्मक विकास पर गंभीर असर पड़ने की आशंका है। कोर्ट ने मामले पर विचार करते हुए कहा कि भले ही सीएसएएम से जुड़ी वेबसाइट्स और यूआरएल को ब्लॉक किया जाता हो, लेकिन ये लगातार नए रूप में सामने आ जाती हैं। ऐसे में केवल सर्वर स्तर पर रोक लगाना पर्याप्त नहीं है। उपयोगकर्ता स्तर पर नियंत्रण भी जरूरी है, जो पैरेंटल कंट्रोल टूल्स के जरिए ही संभव हो सकता है। साथ ही, माता-पिता और बच्चों को इस तरह की सामग्री के खतरों के बारे में जागरूक करना भी जरूरी बताया गया।

बेंच ने यह भी स्पष्ट किया कि वयस्कों के मामले में कंटेंट देखने या न देखने का फैसला व्यक्तिगत अधिकार हो सकता है, लेकिन बच्चों के लिए जोखिम कहीं अधिक है। इसी को ध्यान में रखते हुए कोर्ट ने सुझाव दिया कि केंद्र सरकार ऑस्ट्रेलिया जैसे कानून की व्यवहारिकता पर विचार कर सकती है, जिसमें 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया का इस्तेमाल प्रतिबंधित है।

अंतरिम व्यवस्था के तौर पर हाई कोर्ट ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि जब तक कोई ठोस कानून नहीं बनता, तब तक जागरूकता अभियानों को और मजबूत किया जाए। खासकर बच्चों और अभिभावकों तक सभी उपलब्ध माध्यमों से संदेश पहुंचाने पर जोर दिया गया। कोर्ट ने उम्मीद जताई कि केंद्र और राज्य सरकारों के तहत काम कर रहे आयोग इस दिशा में एक प्रभावी योजना बनाकर उसे लागू करेंगे।



## कब्र से बाहर निकाली गई युवक की लाश, हत्या की आशंका पर पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम

**सरायकेला-खरसावांः** जिले के एक वन क्षेत्र में पुलिस ने बीते गुरुवार को एक युवक का शव कब्र खोद कर निकाला। पुलिस को आशंका है कि युवक की हत्या कर शव को दफना दिया गया था। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

**शव को कब्र से बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया :** आदित्यपुर पुलिस थाना क्षेत्र के शिवनारायणपुर के लोगों ने जमीन के नीचे से पैर निकलते हुए देखा और पुलिस को इसकी सूचना दी। आदित्यपुर पुलिस थाने के प्रभारी अधिकारी बिनोद तिर्की के नेतृत्व में एक पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और एक मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में शव को कब्र से बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने घटनास्थल से पास के तालाब तक खून के धब्बे मिलने के दौरान एक टोपी, आधा जला हुआ आधार कार्ड और एक बैंक पासबुक बरामद की।

**प्रथम दृष्टया यह हत्या का मामला प्रतीत होता हैः** तिर्की ने कहा कि प्रथम दृष्टया यह हत्या का मामला प्रतीत होता है। उन्होंने कहा, हमने पीड़ित की पहचान कर ली है और जांच शुरू कर दी है। ऐसा लगता है कि हत्या कल रात हुई थी। पीड़ित की उम्र 20 वर्ष के आसपास थी। वह आदित्यपुर में एक मोटरसाइकिल के शोरूम में काम करता था।

## भारत का संविधान अब संताली भाषा में भी, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया जारी



**नई दिल्लीः** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एक समारोह में संताली भाषा में भारत का संविधान जारी किया। यह समारोह राष्ट्रपति भवन में आयोजित किया गया था। राष्ट्रपति ने संबोधन में कहा कि यह सभी संताली लोगों के लिए गर्व और खुशी की बात है कि भारत का संविधान अब संताली भाषा में और ओल चिकी लिपि में उपलब्ध है।

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि इससे संताली भाषा में पढ़ व समझ सकेंगे। राष्ट्रपति ने संविधान के शताब्दी वर्ष में इसे ओल चिकी लिपि में उपलब्ध कराने के लिए केंद्रीय काननू और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और उनकी टीम की सराहना की। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन व मेघवाल सहित अन्य लोग शामिल थे। इस मौके पर उपराष्ट्रपति ने इस पहल के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को धन्यवाद दिया, जिनके मार्गदर्शन में यह काम किया गया। उन्होंने कहा कि इस महान पहल से संथाली बोलने वाले लोग अपनी भाषा में संविधान को पढ़ और समझ पाएंगे।

साल 2003 में आठवीं अनुसूची में संताली की गयी थी शामिलः संताली भाषा को 2003 के 92वें संशोधन अधिनियम के माध्यम से संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किया गया था। यह भारत की प्राचीन भाषाओं में से एक है, जो झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल व बिहार सहित अन्य राज्यों में रहने वाले संताल आदिवासी लोगों द्वारा बोली जाती है।

# दोस्ती में दरार डालने की कोशिश, पेंटागन ने अरुणाचल पर भारत को चेताया, चीन बुरी तरह बौखलाया



**नई दिल्लीः** चीन ने अमेरिकी युद्ध विभाग की उस रिपोर्ट को खारिज कर दिया, जिसमें बीजिंग पर भारत के साथ सीमा तनाव कम होने का फायदा उठाकर अमेरिका-भारत संबंधों को कमजोर करने और पाकिस्तान के साथ रक्षा संबंधों को मजबूत करने का आरोप लगाया गया था। चीन ने अमेरिका पर झूठे बयानों के जरिए बीजिंग और अन्य देशों के बीच फूट डालने का आरोप लगाया और कहा कि भारत के साथ सीमा की स्थिति स्थिर है। चीनी विदेश मंत्री लिन जियान ने यहां एक मीडिया ब्रीफिंग में अमेरिकी कांग्रेस को सौंपी गई पेंटागन की रिपोर्ट के बारे में पूछे जाने पर कहा पेंटागन की रिपोर्ट चीन की रक्षा नीति को तोड़-मरोड़ कर पेश करती है, चीन और अन्य देशों के बीच मतभेद पैदा करती है, और अमेरिका को अपनी सैन्य श्रेष्ठता बनाए रखने का बहाना ढूंढने का लक्ष्य रखती है। चीन इस रिपोर्ट का कड़ा विरोध करता है।

भारत के अरुणाचल प्रदेश को लेकर पेंटागन ने अपनी रिपोर्ट में जिक्र किया है। अरुणाचल पर चीन कब्जा करना चाहता है। पेंटागन का दावा है कि 2049 तक चीन का यहां पर कब्जे का प्लान है। पेंटागन ने अमेरिकी संसद को चीन के विस्तारवादी प्लान को लेकर यह रिपोर्ट दी है। ताइवान, साउथ चाइना सी, जापान के सिंकाकू आइलैंड के साथ अरुणाचल प्रदेश का भी नाम इस रिपोर्ट में है। चीन अरुणाचल प्रदेश को कोर इंटरेस्ट समझता है। पहले कोर इंटरेस्ट में सिर्फ ताइवान दक्षिण चीन सागर था। अब अरुणाचल को भी कोर इंटरेस्ट में शामिल किया गया है। 2049 तक चीन अरुणाचल प्रदेश पर कब्जा करना चाहता है। रिपोर्ट में कहा गया कि दक्षिण चीन सागर, सेनकाकू द्वीप समूह और भारत के पूर्वोत्तर राज्य अरुणाचल प्रदेश में क्षेत्रीय विवादों के बीच, चीन के नेतृत्व ने ताइवान और चीन के संप्रभुता दावों को शामिल करने के लिए मुख्य हित शब्द का विस्तार किया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका और चीन के बीच संबंध कई वर्षों में सबसे मजबूत हैं और युद्ध विभाग इस प्रगति को आगे बढ़ाने के प्रयासों का समर्थन करेगा। इसमें कहा गया है, हम ऐसा आंशिक रूप से पीएलए (पीपुल्स लिबरेशन आर्मी) के साथ सैन्य स्तर पर संवाद के दायरे को व्यापक बनाकर करेंगे, जिसमें रणनीतिक स्थिरता के साथ-साथ टकराव से बचाव और तनाव कम करने पर व्यापक रूप से ध्यान दिया जाएगा। हम अपने शांतिपूर्ण इरादों को स्पष्ट करने के लिए अन्य तरीकों की भी तलाश करेंगे। रिपोर्ट में इस बात पर जोर दिया गया कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिकी हित मौलिक हैं, लेकिन साथ ही सीमित दायरे वाले और तर्कसंगत भी हैं। इसमें कहा गया है, हम चीन पर प्रभुत्व जमाना या उसे अपमानित करना नहीं चाहते। बल्कि, जैसा कि राष्ट्रपति ट्रंप की राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति में बताया गया है, हम केवल हिंद-प्रशांत क्षेत्र के किसी भी देश को हम पर या हमारे सहयोगियों पर प्रभुत्व जमाने से रोकना चाहते हैं।

चीन मित्रता की आड़ में सीमा पर दबाव बढ़ा सकता है। इसके आसार नजर आ रहे हैं। एक्सपेंशन की पॉलिसीज को लगातार चीन आगे बढ़ाता हुआ नजर आता है। लेकिन हाल के समय में अगर देखा जाए तो ऐसा लगता है कि रिश्ते बेहतर करने की कोशिशें हो रही हैं दोनों ही तरफ से। पिछले साल हमने देखा कि प्रधानमंत्री मोदी और प्रेसिडेंट जिनपिंग की मीटिंग हुई रूस में और उसके बाद फिर इस साल प्रधानमंत्री चीन गए भी एससीओ सम्मेलन में रिश्ते सुधर रहे हैं। चीन का पहला टारगेट भारत नहीं है। चीन का पहला टारगेट ताइवान है और ताइवान पर कब्जा करने में चीन भारत का भी पॉलिटिकल समर्थन की उम्मीद लगाए बैठा है।

## न्यूज IN ब्रीफ

### भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है तुलसी पूजन : डॉ सुमन कुमार



**रांची :** हिंदू जागरण मंच ने 25 दिसंबर को देशभर में तुलसी पूजन दिवस मनाने का एक सार्थक प्रयास किया है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सनातनी संस्कृति को बढ़ावा देना और विशेष रूप से युवा पीढ़ी को अपने पारंपरिक मूल्यों से जोड़ना है, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक एवं हिंदू जागरण मंच आठ प्रांत के संगठन मंत्री डॉ सुमन कुमार ने कहा- भारतीय संस्कृति में चार माताएं है, गौ माता, गंगा माता, तुलसी माता और अपनी जन्म देने वाली माता। तुलसी सिर्फ एक पौधा नहीं बल्कि एक देवी है जिन्हें माता का दर्जा दिया गया है और उनकी पूजा से आध्यात्मिक एवं भौतिक लाभ मिलते हैं ,हर हिंदू घर में तुलसी का पौधा हो और पूजन भी हो क्योंकि तुलसी एक पौधा नहीं बल्कि घर का एक पूजनीय सदस्य है जिसे प्रतिदिन जल ,दीपक और मंत्र के साथ पूजा जाता है। डॉ सुमन कुमार ने कहा अभी तक तुलसी पूजन सार्वजनिक होता था लेकिन इस बार से हर हिंदू के घर में तुलसी पूजन मनाए जाने लगा झारखंड प्रदेश में तुलसी पूजन दिवस इस वार विभिन्न जिलों में उत्साह पूर्वक मनाया गया । विशेष रूप से रामगढ़, पाकुड़ साहिबगंज, जामताड़ा, देवघर ,चाईबासा, रांची महानगर , ग्रामीण में रातू चट्टी, मांडर, बुडमू, नगडी, दलादेली, बीआई टी मिश्रा, विकास , लोधमा, ठाकुरगांव ० शामिल है।

डॉ सुमन कुमार ने जोर देकर कहा हिंदू धर्म में तुलसी पूजन का आध्यात्मिक एवं धार्मिक महत्व है इसे केवल एक पौधा नहीं बल्कि साक्षात लक्ष्मी का रूप माना जाता है !

धार्मिक मान्यता के अनुसार-

-जहां तुलसी का पौधा होता है वहां मां देवी लक्ष्मी का वास होता है। - नकारात्मक ऊर्जा का नाशः घर में तुलसी का पौधा रहने से नकारात्मक ऊर्जा का संचार करता -भगवान विष्णु की पूजा तुलसी दल( पत्तों) के बिना अधूरी मानी जाती है।

डॉ सुमन कुमार ने सभी हिंदू समाज से आग्रह किया है हिंदू पहचान जो धार्मिक कार्य के लिए विलुप्त होता जा रहा है, इसलिए हिंदू जागरण मंच ने प्रत्येक सनातनी के घर घर में इस प्रकार का कार्यक्रम हो ताकि जन-जन के दिल में राष्ट्र प्रेम जागे एवं सनातन का भाव बने झारखंड प्रदेश में इस बार तुलसी पूजन का अति सराहनीय प्रयास रहा।

### पुलिस ने 15 एकड़ अवैध अफीम की खेती को किया नष्ट



**चतरा :** पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल के निर्देश पर गुरुवार को जिले में अवैध अफीम की खेती के उन्मूलन हेतु विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के क्रम में–

लावालौंग थाना अंतर्गत ग्राम झ अर्सेल टांड़ और हेदुम में करीब 09 एकड़ तथा कुंदा थाना क्षेत्र के तिलसरैया में वन भूमि में लगी 06 एकड़ वन अवैध अफीम की खेती को शुरूआती अवस्था में ही नष्ट कर दिया। पुलिस ने बताया कि अवैध खेती में संलिप्त व्यक्तियों की पहचान की जा रही है तथा उनके विरुद्ध आवश्यक विधि-सम्मत कार्रवाई की जा रही है।चतरा पुलिस ने आमजनो से अपील किया है कि अवैध अफीम की खेती न करें तथा किसी भी व्यक्ति को ऐसी गैर-कानूनी गतिविधि करने से रोकने में चतरा पुलिस का सहयोग करें।

### सांसद के सौजन्य से एकलव्य चारु के बच्चों के बीच किया गया कंबल वितरण



**कान्हाचट्टी(चतरा):** गुरुवार को प्रखंड के चारु पंचायत स्थित एकलव्य आवासीय विद्यालय के बच्चों के बीच चतरा सांसद कालीचरण सिंह के सौजन्य से समाजसेवी नीतीश कुमार ने कंबल का वितरण किया। बताते चले कि इन दिनों उत्तर भारत में कड़के की ठंड पड़ रही है। खासकर झारखंड में छः से सात डिग्री तक तापमान पहुंच गया है। कंबल वितरण के बाद बात करते हुए समाजसेवी नीतीश कुमार ने कहा कि माननीय सांसद महोदय को जानकारी मिली थी कि एकलव्य आवासीय विद्यालय में पढ़ रहे बच्चों को ठंड में काफी दिक्कत हो रही है। जिसके बाद तुरंत अमल में लाकर बच्चों के बीच कंबल वितरण करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने आगे कहा कि बच्चों से बात करने के दौरान बच्चों ने बताया कि कंबल नहीं होने के वजह से ठंड में दिक्कत हो रहा था कंबल मिल जाएगा तो ठंड से राहत मिलेगी। वही बच्चों ने आगे बताया कि स्कूल में सबकुछ ठीक है खाना समय से मिलता है, पढ़ाई भी अच्छे से होता है। एक पुस्तकालय की व्यवस्था हो जाती तो बहुत अच्छा होता। कम्बल मिलने से बच्चों को अब ठंड पढ़ाई में बाधा नहीं बनेगा। बताते चले कि चतरा सांसद कालीचरण सिंह के सौजन्य मखमली कंबल इस बार गरीबों और असहायों के बीच वितरण किया जा रहा है।

### खेल प्रतियोगिताएं जीत में खुशी और हार में प्रतिस्पर्धा की ताकत देती है : आदित्य साहू

**रांची :** भाजपा प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सांसद आदित्य साहू ने गुरुवार को साहेबगंज में राजमहल लोकसभा क्षेत्र की सांसद खेल प्रतियोगिता का बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। वहीं प्रतिभागियों और विजेताओं को पुरस्कृत किया।इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष विकास प्रीतम, पूर्व विधायक अनंत कुमार ओझा सहित प्रदेश पदाधिकारी, जिला मंडल के पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस खेल प्रतियोगिता में सैकड़ों खिलाड़ी शामिल हुए। मौके पर आदित्य साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में फिट इंडिया अभियान को बढ़ावा दिया जा रहा।

## बर्फीली हवाओं से कांपा झारखंड

# रांची सहित 12 जिलों में आज शीतलहर का यलो अलर्ट जारी



**संवाददाता**

**रांची :** झारखंड में कड़ाके की ठंड ने पूरे प्रदेश को अपनी चपेट में ले लिया। उत्तर-पश्चिम दिशा से चल रही सर्द हवाओं के कारण राज्य के अधिकांश हिस्सों में तापमान लगातार गिरता जा रहा है। ठंड के बढ़ते असर को देखते हुए भारत मौसम विज्ञान विभाग ने राज्य के 12 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है।

27 दिसंबर तक कोल्ड-डे के हालात : रांची मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक निचले क्षोभमंडल में सक्रिय ठंडी हवाओं के प्रभाव से न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक और गिरावट दर्ज की जा सकती है। यह स्थिति 27 दिसंबर तक बनी कोल्ड डे के हालात बने रहने की संभावना रह सकती है। राज्य के नौ जिलों में न्यूनतम तापमान पहले ही 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच चुका है, जिससे कनकनी काफी बढ़ गई है। मौसम विभाग ने गढ़वा, पलामू, लातेहार, लोहरदगा, गुमला, चतरा, हजारीबाग, रामगढ़, कोडरमा, रांची, खूंटी और बोकारो को ठंड के लिहाज से संवेदनशील जिले बताया है।

राजधानी रांची में भी ठंड ने जोर पकड़ लिया है, जहां न्यूनतम तापमान 8.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं जमशेदपुर 12.6 डिग्री सेल्सियस के साथ अपेक्षाकृत बेहतर स्थिति में रहा। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि सुबह के समय घने कोहरे के कारण दृश्यता काफी कम हो सकती है, जिससे सड़क और रेल यातायात प्रभावित होने की आशंका है। विभाग के अनुसार 27 दिसंबर के बाद ही तापमान में कुछ स्थिरता आने की संभावना है।

## आर्ट ऑफ लिविंग ने किया भजन संध्या का आयोजन




**संवाददाता**

**खूंटी :** आर्ट ऑफ लिविंग परिवार खूंटी द्वारा नगर भवन में आयोजित भजन संध्या कार्यक्रम में विशाल जनसमूह ने शिरकत किया। इस अवसर पर आर्ट ऑफ लिविंग के इंटरनेशनल आश्रम बेंगलुरु से पधारी विख्यात अंतरराष्ट्रीय भजन गायिका दीप्ति थापा एवं उनकी टीम ने भक्तिमय माहौल में भावपूर्ण संगीत प्रस्तुत किया। संगीत की स्वरलहरी में समस्त नगरवासी मंत्रमुग्ध हो गए। दीप्ति थापा की मुख्य गायकी में तबला वादन लक्ष्मी नारायण ओझा ने किया, जबकि ऑक्यूपेड पर गोल्डी, इलेक्ट्रिक गिटार पर निशांत यादव और कीबोर्ड पर अजय गोस्वामी ने संगत दी। कोरस में समृद्धि एवं जितेंद्र यादव ने सहयोग प्रदान किया। भजन संध्या का आरंभ आर्ट ऑफ लिविंग शिक्षिका कल्याणी शाहदेव के पारंपरिक उद्घोषणा एवं ग्रुप के साक्षात्कार से हुआ। मुख्य अतिथि डीएवी. स्कूल खूंटी के प्रधान अध्यापक मनोजेश्वर कुमार एवं आर्ट ऑफ लिविंग के सीनियर सदस्यों द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया।

दीप्ति थापा ने गणेश वंदना से प्रारंभ कर आनंद और उमंग से सराबोर संध्या का शुभारंभ किया। 'गुरु ओम गुरु', 'जय जय भवानी मां', 'हरि सुंदर नंद मुकुंदा', 'शिव कैलाशो के वासी', 'अलख निरंजन' जैसे कर्णप्रिय भजनों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। भक्तों ने झूम-झूम कर भजनों का आनंद लिया। खूंटी नगर के सभी वरिष्ठ महिला एवं पुरुष इस भक्तिमय माहौल के साक्षी बने। खूंटी नगर के अलावा कर्रा, बसिया, मुरहू, तोरपा आदि क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रोता पहुंचे।

यह समस्त जानकारी आर्ट ऑफ लिविंग शिक्षक आशु शाहदेव द्वारा प्रदान की गई।

## बाबा आम्रेश्वर धाम में धूमधाम से मनाया गया तुलसी पूजन दिवस

### मंदिर परिसर को फूलों, रंगोली एवं रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया

**संवाददाता**

**खूंटी :** जिला स्थित सुप्रसिद्ध बाबा आम्रेश्वर धाम, अंग्राबारी में गुरुवार, 25 दिसंबर को तुलसी पूजन दिवस के शुभ अवसर पर भव्य एवं श्रद्धापूर्ण तुलसी पूजा का आयोजन किया गया। इस पावन मौके पर सैकड़ों श्रद्धालु दूर-दूर से धाम पहुंचे और पूजन-अर्चन में शामिल हुए।

इस दिन प्रातःकाल से ही मंदिर परिसर को फूलों, रंगोली एवं रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया। मुख्य पूजा विधि प्रात काल से आरंभ हुई, जिसमें बाबा आम्रेश्वर के साथ-साथ मंदिर परिसर में स्थित तुलसी चौरा का विधिवत पूजन किया गया। पुजारियों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ तुलसी मां को जल, फूल, अक्षत, धूप-दीप एवं विशेष प्रसाद अर्पित किए। पूजन के बाद भक्तों ने सामूहिक रूप से तुलसी आरती गाकर मां तुलसी की स्तुति की। पूरा मंदिर परिसर भक्ति रस और मंत्रों की गूंज से गुंजायमान हो उठा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाएं, बुजुर्ग एवं बच्चे पहुंचे। सभी ने श्रद्धापूर्वक तुलसी मां के पौधे की परिक्रमा की और उनके पत्तों को प्रसाद रूप में ग्रहण किया। भक्तों ने कहा कि तुलसी न केवल धार्मिक दृष्टि से पवित्र है, बल्कि इसका पर्यावरणीय एवं आयुर्वेदिक महत्व भी अतुलनीय है। इस पूजन के माध्यम से वे प्रकृति और परंपरा के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हैं।

## हाईवा ने 2 मोटरसाइकिल सवार को लिया चपेट में, आधा दर्जन घायल



**चतराः** जिले के सिमरिया थाना क्षेत्र के विराजपुर गांव के समीप हाईवा की चपेट में आने से आधा दर्जन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से सभी को 108 एम्बुलेंस से इलाज के लिए सदर अस्पताल चतरा लाया गया। गंभीर रूप से घायल 3 युवकों को प्रार्थमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए हजारीबाग मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।वहीं अन्य का उपचार सदर अस्पताल में किया जा रहा है। बताया जाता है कि दो मोटरसाइकिल पर सवार होकर सभी युवक सिमरिया के देल्हो से चतरा आ रहे थे। सिमरिया थाना क्षेत्र के विराजपुर गांव के समीप हाईवा ने दोनों मोटरसाइकिल सवार को चपेट में लिया।ढघटना के बाद मौके से हाईवा फरार हो गया। दुर्घटना के बाद पुलिस घटना की पड़ताल में लगी है।

## अटल बिहारी वाजपेयी को जयंती पर दी गई श्रद्धांजलि

**संवाददाता**

**खूंटी :** पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती पर भाजपा खूंटी जिला कार्यालय में एक श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने अटल जी के चित्र पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता ने की। मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि नीलकंठ सिंह मुंडा ने अपने संबोधन में अटल जी द्वारा झारखंड राज्य के गठन में निभाई गई ऐतिहासिक भूमिका को याद किया। उन्होंने बताया कि 1999 के चुनावी दौरान अटल जी ने झारखंड की जनता से कहा था कि यदि उनकी सरकार बनी तो उन्हें अलग राज्य का तोहफा दिया जाएगा। जनता के विश्वास को साकार करते हुए प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने 15 नवंबर 2000 को झारखंड राज्य का गठन कर इस क्षेत्र के विकास की नई राह खोली।

जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता ने अटल जी को सहिष्णुता, उच्च संस्कार और लोकतांत्रिक मूल्यों की जीवंत मिसाल बताया। उन्होंने कहा कि अटल जी ने अपनी व्यापक सोच और समावेशी नेतृत्व से राजनीति को गरिमा प्रदान की तथा देश के लोकतंत्र को मजबूती दी। उनका जीवन राष्ट्र सेवा और सर्वसमावेशी विकास के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

जिला महामंत्री संजय साहू ने अटल जी के देशभक्तिपूर्ण विचारों को साझा करते हुए उनके उस कथन को उद्धृत किया जिसमें उन्होंने भारत माता के प्रति असीम श्रद्धा और समर्पण व्यक्त किया था।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष कैलाश राम, जिला मीडिया प्रभारी अनुप साहू, महावीर राम, जिला कोषाध्यक्ष प्रियांक भगत, पूर्व नगर उपाध्यक्ष मदन मोहन मिश्रा सहित सभी मंडल अध्यक्षगण एवं अन्य गणमान्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला पदाधिकारियों द्वारा किया गया और अटल जी के जीवन दर्शन व उनके राष्ट्र निर्माण में योगदान को स्मरण करते हुए समापन हुआ।

## जयंती पर अटल बिहारी वाजपेयी को दी गयी श्रद्धांजलि



**संवाददाता**

**चतरा :** भारतीय जनता पार्टी चतरा जिला कार्यालय में झारखंड प्रदेश के निमार्ता, प्रखर राष्ट्रवादी, ओजस्वी वक्ता एवं भारत रत्न स्व. श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म जयंती पर चतरा सांसद कालीचरण सिंह जी ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। चतरा सांसद ने कहा कि अटल जी केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि विचार, संस्कार और संकल्प के प्रतीक थे। झारखंड राज्य के गठन के माध्यम से उन्होंने यहां के लोगों को पहचान, अधिकार और आत्मसम्मान दिया। उनका दूरदर्शी नेतृत्व, राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने वाली नीति और जन-जन के प्रति संवेदनशीलता आज भी हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उनके आदर्श, उनके विचार और उनका संघर्षपूर्ण जीवन हमें सदैव राष्ट्रसेवा और जनकल्याण के पथ पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता रहेगा।इस मौके पर चतरा विधायक जनार्दन पासवान, भाजपा जिलाध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता, चतरा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह उर्फ गुड्ड, शिव कुमार चौबे,सांसद प्रतिनिधि प्रदीप महतो,प्रभु नाथ सिंह, चंद्रपाल पाठक, चंपा शबरी,काली यादव, हरिओम केशरी, सांसद प्रतिनिधि दिनेश गोप,बनारस साव, प्रकाश वर्मा,बबलू सिंह, अमित कुमार सिंह,अनु सिंह समेत पार्टी के नेता,कार्यकर्त्ता गण उपस्थित थे ।

## बिजली चोरों के खिलाफ विद्युत विभाग की बड़ी कार्रवाई

# विद्युत ऊर्जा चोरी के आरोप में 20 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज



**संवाददाता**

**चतरा :** जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र के गेंजना , पांडेपुरा, तिवारी टोला और नावाडीह गांव में बिजली चोरों के खिलाफ विद्युत विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। बिजली चोरी के मामले में 20 लोगों के खिलाफ हंटरगंज थाना में मामला दर्ज कराया गया। अब तक बिजली का बिल जमा न करने वालों को भी विभाग के अधिकारियों के द्वारा चेतावनी दी गई। बिजली चोरों के खिलाफ विद्युत विभाग टीम की इस कार्रवाई से हंटरगंज थाना क्षेत्र में हड़कंप मचा रहा। सहायक विद्युत अभियंता सत्यदेव कुमार ने बताया कि झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के निर्देश पर बिजली चोरी रोकथाम हेतु मेरे नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया।टीम ने बुधवार को गेंजना , पांडेपुरा, तिवारी टोला और नावाडीह में औचक छापेमारी की। इस दौरान गेंजना , पांडेपुरा, तिवारी टोला और नावाडीह गांव में 20 लोग ऐसे मिले जो कि बिना कनेक्शन लिए सीधे खंभे से अवैध रूप से बिजली का तार जोड़ कर बिजली चला रहे थे। इन सभी 20 लोगों के खिलाफ बिजली चोरी में मामला दर्ज करा दिया गया। सहायक अभियंता ने बताया कि झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के आदेश के आलोक में स्थानीय स्तर पर नियमित रूप से छापेमारी अभियान चलाया जायेगा।उन्होंने आगे अपील की है कि उपभोक्ता अपना बिजली बिल ससमय भुगतान कर दें। वही सरकार के द्वारा 200 यूनिट का भरपूर लाभ ले साथ ही वैध कनेक्शन लेकर मीटर से ही बिजली का उपभोग करें।छापेमारी टीम मे सहायक अभियन्ता के अतिरिक्त आशीष कुमार, राजू रजक, दिनेश कुमार प्रजापति, राकेश्वर यादव, अमरेश कुमार, पवन कुमार, संजीत कुमार सहित दर्जनों विद्युत विभाग के कर्मचारी मौजूद थे।

# अरगोड़ा स्थित पर्ल आर्किड अपार्टमेंट में लगी आग, मची अफरा-तफरी

## - फायर ब्रिगेड की टीम ने पाया काबू, बाल-बाल बचे लोग

मेट्रो रेज

**रांची:** राजधानी रांची के अरगोड़ा चौक के पास स्थित पर्ल ऑर्किड नाम के अपार्टमेंट में शुक्रवार की सुबह आग लग गई। राहत की बात है कि इस अगलगी में कोई हताहत नहीं हुआ है। फ्लैट में रखे कई जरुरी सामान जलकर राख हो गये हैं। फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पा लिया है। यह फ्लैट झारखंड पुलिस के सार्जेंट मेजर अभिनव पाठक के नाम पर है। शुरूआती तौर पर आग लगने की वजह शॉट सर्किट बताई जा रही है।



**आग लगने के वक्त फ्लैट में पांच लोग थे मौजूद**

जानकारी के मुताबिक सबसे पहले बाथरूम से धुआं निकलना शुरू हुआ। उस वक्त फ्लैट में दो बच्चे, एक बुजुर्ग, एक महिला और एक पुरुष मौजूद थे। राहत की बात रही कि धुआं उठते ही सभी घर से बाहर निकल गए। फ्लैट के लोगों ने बताया कि सुबह करीब 7:30 बजे अचानक धुआं निकलने लगा। इसकी वजह से अफरा तफरी मच गई। पता नहीं चल पाया कि धुआं आखिर कहां से उठा। इसके थोड़ी ही देर बाद पूरे फ्लैट में आग की लपटें उठने लगीं।

**फायर ब्रिगेड की मुस्तैदी से टला हादसा**

इसको देखते ही पुलिस की पेट्रोलिंग टीम और स्थानीय लोगों ने फायर ब्रिगेड को अलर्ट किया। जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। घटनास्थल पर मौजूद झारखंड पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि आग लगने की सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने फायर ब्रिगेड को अलर्ट किया। उन्होंने कहा कि जब टीम पहुंची तो आग की तेज लपटें निकल रहीं थी। हालात बेहद नाजुक थे। फिर भी फायर ब्रिगेड की टीम ने मुस्तैदी के साथ इस पर काबू पाने में सफलता हासिल की।

**पर्ल ऑर्किड के 11वें फ्लोर पर है फ्लैट**

11वें फ्लोर स्थित फ्लैट में आग लगते ही पूरे अपार्टमेंट में हड़कंप मच गया। सभी फ्लोर के लोगों ने तत्परता दिखाई और सीढ़ियों के सहारे अपार्टमेंट से बाहर निकल गये। इसी बीच फायर ब्रिगेड की आठ गाड़ियां मौके पर पहुंच गई और अभियान शुरू कर दिया। राहत की बात है कि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। फिलहाल, आकलन किया जा रहा है कि संबंधित फ्लैट को कितना नुकसान पहुंचा है।

वीर शहीद निर्मल महतो की 75वीं जयंती पर मुख्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि, कहा-

# आदिवासी हक की लड़ाई आज भी प्रेरणा

संवाददाता

**रांची:** रांची के जेल मोड़ स्थित अमर वीर शहीद निर्मल महतो की प्रतिमा पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने विधायक कल्पना सोरेन के साथ माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। अवसर था झारखंड आंदोलन के अग्रणी नेता और वीर सपूत शहीद निर्मल महतो की 75वीं जयंती का।

श्रद्धांजलि कार्यक्रम के बाद मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि आज का दिन झारखंड के इतिहास में बेहद महत्वपूर्ण है। राज्य के आदिवासी-मूलवासियों के हक और अधिकार की लड़ाई लड़ने वाले शहीद निर्मल महतो का योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी पूरे झारखंड में लोग उन्हें श्रद्धा के साथ याद कर रहे हैं।



**25 साल का झारखंड, वीर सपूतों की देन**

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड राज्य बने हुए अब 25 वर्ष पूरे हो चुके हैं और यह ऐसे ही वीर सपूतों के संघर्ष और बलिदान का परिणाम है। झारखंड आंदोलन में शहीद निर्मल महतो की भूमिका अमूल्य रही है। उनके विचारों और आदर्शों को अपनाकर राज्य निरंतर विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

**युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं शहीद निर्मल महतो**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि जब शहीद निर्मल महतो ने अपने प्राणों की आहुति दी, तब वे स्वयं युवा थे। आज झारखंड का नौजवान उन्हें अपना मार्गदर्शक और प्रेरणास्त्रोत मानता है। राज्य का एक-एक युवा उनके संघर्ष और बलिदान पर गर्व करता है। आने वाले समय में भी उनके विचारों को जीवित रखते हुए झारखंड आगे बढ़ता रहेगा।

## मुख्यमंत्री की जनता से अपील, शीतलहर में बरतें सावधानी, रहें सुरक्षित



**रांची :** सीएम हेमंत सोरेन ने राज्यवासियों से अपील की है कि राज्य में चल रही शीतलहर को देखते हुए आप सभी आवश्यक सावधानियां बरतें और सुरक्षित रहें। उन्होंने अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह दी है, विशेषकर सुबह और शाम के समय में।

सीएम ने सभी से गर्म कपड़े पहनने और बच्चों व बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखने की अपील की है। उन्होंने अलाव या हीटर का सुरक्षित इस्तेमाल करने और कमरे में अच्छा वायु संचार बनाए रखने की भी सलाह दी है।

अगर किसी को खांसी-जुकाम, कमजोरी, सांस लेने में कठिनाई या भ्रम जैसे लक्षण दिखाई दें, तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें। आपात स्थिति में 108 एंबुलेंस, 104 स्वास्थ्य हेल्पलाइन या 1800-345-6540 पर कॉल की जा सकती है। हेमंत सोरेन ने कहा कि आपकी सुरक्षा ही हमारी प्राथमिकता है।

## रांची सहायक आचार्य पोस्टिंग में गड़बड़ी का आरोप ,डीसी कार्यालय पहुंचे नाराज शिक्षक

**रांची :** रांची जिले में सहायक आचार्य की पोस्टिंग को लेकर भारी गड़बड़ी के आरोप सामने आए हैं। पोस्टिंग से नाराज सहायक आचार्य शिक्षकों ने जिला प्रशासन पर मनमानी तरीके से पदस्थापन करने का आरोप लगाया हैं। शिक्षकों का कहना है कि पोस्टिंग के दौरान तय एसओपी का पालन नहीं किया गया। इस वजह लगभग 100 से अधिक सहायक आचार्य शिक्षक अपनी मांगों को लेकर उपायुक्त कार्यालय पहुंचे और विरोध दर्ज कराया। शिक्षकों का आरोप है कि उन्हें आसपास के प्रखंडों में पदस्थापन नहीं दिया गया, बल्कि कई शिक्षकों को दूर-दराज के प्रखंडों में भेज दिया गया हैं। शिक्षकों के अनुसार, किसी को बुढ़मू से तमाड़ तो किसी को कांके से लापुंग जैसे क्षेत्रों में पदस्थापित किया गया है, जिससे उन्हें रोजाना कई किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ रही हैं। प्रदर्शन कर रहे शिक्षकों में बड़ी संख्या में महिला और दिव्यांग शिक्षक भी शामिल हैं। उनका कहना है कि पोस्टिंग में न तो महिला सुरक्षा का ख्याल रखा गया और न ही दूरी को लेकर कोई संवेदनशीलता दिखाई गई।

# सदर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पुर्नविकास व उन्नयन योजना को मिली प्रशासनिक स्वीकृति




संवाददाता

**रांची :** झारखंड सरकार ने रांची जिले के अंतर्गत सदर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (डे केयर सेंटर), डोरंडा के पुनर्विकास एवं उन्नयन की योजना को प्रशासनिक स्वीकृति दे दी है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य स्कीम के तहत इस योजना पर कुल 11 करोड़ 74 लाख 54 हजार 300 रुपये खर्च किए जाएंगे।

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, यह एक नई योजना है, जिसके तहत डे केयर सेंटर की सुविधाओं को आधुनिक और बेहतर बनाया जाएगा। इस परियोजना का उद्देश्य मरीजों को उन्नत स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना और अस्पताल की आधारभूत संरचना को मजबूत करना है।

योजना के तहत भवन के दूसरे तल्ले का विस्तार एवं मौजूदा भवन का नवीनीकरण किया जाएगा। इसके साथ ही विद्युत कार्य, प्लंबिंग, फायर फाइटिंग सिस्टम, नर्स कॉल सिस्टम, मेडिकल गैस पाइपलाइन सिस्टम, एचवीएसी, मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर, अस्पताल एवं प्रशासनिक फर्नीचर, साइनज कार्य, वर्षा जल संचयन टैंक, सेप्टिक टैंक, डीप बोरिंग और आंतरिक सड़क निर्माण जैसे कार्य शामिल हैं।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, इस परियोजना के पूरा होने से डोरंडा क्षेत्र सहित आसपास के मरीजों को बेहतर, सुरक्षित और आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिससे रांची जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी।

# सनातन एकता मंच की बैठक में हिन्दू समाज को संगठित करने पर हुई चर्चा

मेट्रो रेज

**रांची:** सनातन एकता मंच, केंद्रीय कमेटी द्वारा पंचमुखी हनुमान मन्दिर, नामकुम मे आज एक बैठक रखी गई। बैठक की अध्यक्षता मंच के संस्थापक/केंद्रीय अध्यक्ष रोहित सनातनी ने किया, उन्होंने कहा कि जिस प्रकार हम सनातनियों/हिन्दू समाज पर आए दिन प्रहार/हिन्दू बहन- बेटियों को लव जिहाद मे फंसा कर उनका धर्म बदल कर मुस्लिम बना दिया जाता है, भारत मे हिन्दू समाज डर कर जी रहा है, आए दिन बंगाल मे भी हिन्दुओं को मारा काटा जा रहा है, सभी बस लाचार हो कर कैंडेल मार्च निकाल देते है पर कोई कुछ करते नहीं है, इसलिए संगठन के माध्यम से हिन्दू समाज को मैं जगाने का कार्य कर रहा हूँ आप सब अपने छोटे भाई को आशीर्वाद और साथ दे हिन्दू समाज को संगठित करने में। बैठक में मुख्यरूप से मन्दिर के पुजारी सुबोध पाण्डेय बाबा, अजय कुमार, विराट सिंह, सुशांत कुमार,राजू शर्मा, चुलबुल पाण्डेय, राकेश, विकाश, दिलीप, सुजीत, राजीव, मुकेश, सौरभ, नागेश, अनिकेत, मधुसूधान सभी ने सनातन एकता मंच की सदस्यता ग्रहण किया।



# एक ही रात पांच दुकानों का तोड़ा गया ताला

मेट्रो रेज

**मुरी:** बीती रात मुरी जीआरपी और मुरी ओपी अन्तर्गत आने वाले पांच दुकानों के ताले तोड़े गये। जिन दुकानों के ताले तोड़े गये उनमे से तीन दुकान राशन के , एक नाश्ता का और एक दूध बेचने का दुकान था। जिसके सीसीटीवी कैमरे तोड़ दिए गए और कुछ दूध और दूध के प्रोडक्ट चोरी कर लिए गए। चोरी की घटनाओ को लेकर दुकानदार चिंतित है। क्योंकि रात्रि में गश्ती प्रोपर ढंग से नहीं की जाती है। दुकानों के आसपास देशी शराब की बिक्री धड़डले से की जाती है। स्टेशन बाजार और सब्जी बजार के कारण लोगों की काफी भीड़ भी रहती है। आसानी से देशी शराब मिलने से पीने वालों को पुलिस का कोई डर भी नहीं है।



# रांची विवि में पीजी वोकेशनल व सेल्फ फाइनेंस कोर्स में एडमिशन के लिए आवेदन शुरू




संवाददाता

**रांची :** रांची यूनिवर्सिटी ने सत्र 2025-27 के लिए पी।जी। व्यावसायिक और सेल्फ फाइनेंस कोर्स में एडमिशन को लेकर नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। इच्छुक छात्र चांसलर पोर्टल के माध्यम से यूनिवर्सिटी अंतर्गत आने वाले डिपार्टमेंट, इंस्टीट्यूट और एफिलेटेड कॉलेजों में आवेदन कर सकते हैं।

जारी नोटिफिकेशन के अनुसार, एडमिशन के लिए आवेदन फॉर्म भरने की प्रक्रिया 17 दिसंबर से ही शुरू हो चुकी है। आवेदन की अंतिम तिथि यूजी सेमेस्टर फोर या फाइनल परीक्षा के रिजल्ट निकलने के 15 दिनों के अंदर निर्धारित की गई है।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने बताया कि चयनित विद्यार्थियों का लिस्ट कब निकलेगा, यह नोटिफिकेशन जारी कर बताया जाएगा। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया है कि यदि सत्र प्रारंभ होने के बाद भी सीटें खाली रहती हैं, तो नामांकन प्रक्रिया आगे भी जारी रहेगी।

मेरिट लिस्ट में किन्हें मिलेगी प्राथमिकता

- नामांकन के दौरान विश्वविद्यालय और राज्य सरकार के नियमों के अनुसार वेटेज दिया जाएगा। झारखंड राज्य सरकार के मान्य प्रमाण पत्र वाले अभ्यर्थी ही आरक्षण का लाभ ले सकते हैं। राज्य के बाहर के प्रमाण पत्र स्वीकार नहीं होंगे। नामांकन के समय सभी मूल प्रमाण पत्रों का सत्यापन किया जाएगा। यदि कोई अभ्यर्थी मूल प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने में असफल रहता है, तो उसका दावा स्वत निरस्त कर दिया जाएगा।

आवेदन और नामांकन शुल्क ऑनलाइन चांसलर पोर्टल के माध्यम से जमा किया जाएगा। शुल्क संबंधित कॉलेज या विभाग की तय की गई राशि के अनुसार होगा। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी इच्छुक अभ्यर्थियों से समय पर आवेदन करने और पोर्टल पर उपलब्ध दिशा-निदेशों का पालन करने की अपील की है।

## पावर आफ एटर्नी रद्द करने की लगाई गुहार

**मुरी:** फर्जी बंशावली बनाकर खतियानी जमीन पर तत्काल रोक लगाने और पावर आफ एटर्नी रद्द करने की गुहार रांची निबंधन अधिकारी से आवेदन देकर की गई। आवेदन देने वालों में सिल्ली प्रखंड के बिसिरिया पंचायत अन्तर्गत पहला मन बोध मंडल पिता स्व लालू मंडल, दुसरा मुकेश मंडल पिता बुधराम मंडल तीसरा विकास मंडल पिता भवानी मंडल है। जिन्होंने बताया कि खाता नम्बर 16 , प्लाट संख्या 576 के रकबा एक एकड 70 डीसमिल थाना संख्या-24 पोखर खतियानी रैयती जमीन को फर्जी वंशावली बना कर 22 नवम्बर 2025 को जीवन कुमार यादव पिता राज नरायण यादव बाजितपुर मेहरामा जिला गोडडा, राजेन्द्र पासवान पिता बनारसी राम क्वार्टर नवम्बर 1 बी/13 राजेन्द्र नगर सुखदेव क्लोनी रांची, अक्षय कुमार पंडित पिता संजय पंडित बजितपुर मेहरामा जिला गोडडा को तीन तीन डिसमील जमीनपर वणित प्लाट से अबर निबंधक रांची निबंधित कर दिया गया है। पुनः 2/12/25 को अभिनाश राज पिता संजय पंडित बाजितपुर मेहरामा जिला गोडडा, विजय कच्छप पिता छोटन कच्छप कुटे टोली तेतरी , थाना नामकुम रांची को दो केवाला द्वारा तीन तीन डिसमील जमीन बेच दिया है।

# वर्ष 2025 में हेमंत सरकार के कई फैसलों ने बदली झारखंड की तस्वीर

संवाददाता

**रांची:** हेमंत सरकार ने साल 2025 यानी अपनी दूसरे पारी के पहले साल में राज्य के लोगों के लिए कई ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं, जिससे राज्य वासियों को जमीनी स्तर पर आर्थिक, सामाजिक और मानसिक रूप से काफी मजबूती मिली है।

**चर्चा के केंद्र में रही मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना**

2025 में राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए कई ऐसे कदम उठाए हैं, जिसकी मदद से अब राज्य के लोगों को मूलभूत सुविधाओं के दर-दर भटकने की जरूरत नहीं है। साथ ही महिला सशक्तिकरण, मुफ्त बिजली, सड़क, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, कला-संस्कृति और सामाजिक सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में सरकार ने कई कदम उठाए, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि राज्य सरकार की प्राथमिकता आम जनता, विशेषकर गरीबों, महिलाओं और विस्थापितों के कल्याण पर रही। वहीं इस साल चर्चा के केंद्र में रही मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना ।



**2025 में भी छाई रही यह योजना**

अगस्त 2024 में मंईयां सम्मान योजना की शुरूआत हुई थी, लेकिन 2025 में भी यह योजना छाई रही। मुख्यमंत्री हेमंत ने इस योजना के जरिए गरीब परिवारों की महिलाओं को आर्थिक राहत दी। योजना की राशि से हर महीने महिलाओं को काफी मदद मिलती है जिससे वह घर का खर्चा या अपनी जरूरतों को पूरा करती है। इसके अलावा सड़क हादसों को रोकने और ट्रैफिक सुधारने के लिए झारखंड राज्य सड़क सुरक्षा नियम, 2025 को मंजूरी दी गई। राजधानीवासियों को कांटाटोली और सिरम टोली फ्लाईओवर की सौगात दी गई, जबकि करमटोली, सहजानंद चौक और अरगोड़ा में भी नए फ्लाईओवर बनाने की योजना शुरू हुई। साथ ही विस्थापित परिवारों के हित में झारखंड राज्य विस्थापन एवं पुनर्वास आयोग, 2025 का गठन किया गया। वहीं, राज्य सरकार लगातार नक्सलियों पर नकेल कसती हुई नजर आ रही है। इस साल काफी हद तक झारखंड नक्सली मुक्त होता दिख रहा है।

**साल के अंत में हेमंत सरकार ने राज्यवासियों को दी बड़ी सौगात**

साल के अंत में यानी दिसंबर में हेमंत सरकार ने राज्यवासियों को बड़ी सौगात दी है। दशकों से चल रहे आंदोलन का अंत करते हुए हेमंत कैबिनेट ने साल की आखरी बैठक में पेसा ऐक्ट लागू कर दिया है। ऐसे में यह निर्णय भी हेमंत सरकार का ऐतिहासिक निर्णय माना जा रहा है।

## सूक्ति

**सबसे प्रेम करो, कुछ पर विश्वास करो**
**अन्याय किसी के साथ मत करो : शेक्सपियर**

## अंतरिक्ष में भारत का बाहुबली

**भारतीय** अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने फिर साबित कर दिया है कि भारत अब केवल अंतरिक्ष तकनीक का उपभोक्ता ही नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर उसका नेतृत्वकर्ता बन चुका है। वर्ष के अपने आखिरी मिशन में इसरो ने सबसे भारी अमेरिकी संचार उपग्रह ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 का सफल प्रक्षेपण कर इतिहास रच दिया है। यह मिशन पूरी तरह से वाणिज्यिक था, जिसने भारत की बढ़ती अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था और वैश्विक भरोसे को मजबूती दी है। इस मिशन के लिए इसरो ने अपने शक्तिशाली एलवीएम-3 लॉन्च व्हीकल का उपयोग किया, जिसे उसकी क्षमताओं के कारण पहले ही 'बाहुबली' नाम दिया जा चुका है। यह एलवीएम-3 की छठी उड़ान और वाणिज्यिक मिशन के लिए तीसरी सफल उड़ान रही, जो बताता है कि भारत अब भारी और जटिल पेलोड को सुरक्षित रूप से अंतरिक्ष में स्थापित करने में सक्षम है। पहले जहां इस तरह के बड़े संचार उपग्रहों के लिए देशों को अमरीका या यूरोप पर निर्भर रहना पड़ता था, अब भारत भी उस भरोसेमंद सूची में शामिल हो गया है। ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 उपग्रह केवल तकनीकी उपलब्धि नहीं है, बल्कि संचार क्रांति की दिशा में बड़ा कदम है। यह अगली पीढ़ी की प्रणाली का हिस्सा है, जिसके जरिए 4जी और 5जी स्मार्टफोन पर सीधे सेल्युलर ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी उपलब्ध कराई जाएगी यानी भविष्य में दूरदराज, समुद्री क्षेत्रों या नेटवर्क से वंचित इलाकों में भी बिना पारंपरिक टावरों के मोबाइल कनेक्टिविटी संभव हो सकेगी। इस सफल लॉन्चिंग का महत्व भारत के लिए कई स्तरों पर है। पहला, यह भारत की तकनीकी आत्मनिर्भरता और विश्वसनीयता को बताता है। दूसरा, यह इसरो के बढ़ते वाणिज्यिक स्वरूप को दशार्ता है, जहां भारत 'लॉन्च सर्विस प्रोवाइडर' के रूप में उभर रहा है। तीसरा, यह भारत की अंतरिक्ष कूटनीति को भी मजबूती देता है, क्योंकि ऐसे मिशन देशों के बीच विश्वास और सहयोग को गहरा करते हैं। आज जब अंतरिक्ष केवल वैज्ञानिक खोज तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि संचार, सुरक्षा, अर्थव्यवस्था और विकास का अहम आधार बन चुका है, तब भारत की यह छलांग दुनिया के लिए भी कल्याणकारी है। कम लागत, उच्च विश्वसनीयता और समयबद्ध लॉन्चिंग का संयोजन इसरो को वैश्विक बाजार में अलग पहचान देता है। ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 का सफल प्रक्षेपण इस बात का प्रमाण है कि भारत अंतरिक्ष के क्षेत्र में एक बड़ी शक्ति बन चुका है। यह उपलब्धि न केवल हमारे वैज्ञानिकों और इंजीनियरों की मेहनत का परिणाम है, बल्कि हमारे नीति नियंताओं की उस दूरदृष्टि का परिचायक भी है, जिसने भारत को 'जनकल्याण के लिए अंतरिक्ष' के मार्ग पर अग्रसर किया है। अंतरिक्ष में भारत की यह उड़ान आने वाले वर्षों में नई ऊंचाइयों को छुएगी और विश्व के लिए नई संभावनाओं के द्वार खोलेगी।

## स्मार्टफोन के इस्तेमाल पर रोक का बेतुका फरमान

इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि मोबाइल पर चिपके रहने की लत न केवल बच्चों बल्कि सभी आयु वर्ग के लोगों की मानसिक व शारीरिक सेहत पर विपरीत असर डाल रही है। राजस्थान के जालोर जिले में बहू-बेटियों को कैमरायुक्त मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर रोक का फरमान जारी करने वाले भी भले ही इस तर्क का सहारा ले रहे हैं, लेकिन आज के दौर में जब स्मार्टफोन की उपयोगिता अनिवार्य सी लगने लगी हो, वहां यह प्रतिबंध न केवल सिर्फ महिलाओं को टारगेट करने वाला है बल्कि बेतुका भी है। चिंता की बात यह भी कि समाज सुधार से जुड़े कई सराहनीय फैसले लेने वाली पंचायतें लोगों के निजी जीवन पर असर डालने वाले ऐसे मनमाने फैसले थोपने लगी हैं। हैरत की बात यह है कि सामाजिक पंचायत में महिलाओं पर यह प्रतिबंध सार्वजनिक समारोहों के साथ-साथ पड़ोसियों के घर ले जाने तक पर लगाया गया है। जबकि घर से बाहर स्वयं को सुरक्षित रखने के दौरान बेहतर तकनीक वाले फोन की उपयोगिता ज्यादा रहती है। इसमें दो राय नहीं कि देशभर में सामाजिक पंचायतें दहेज के लेन-देन व नशे की प्रवृत्ति पर रोक के साथ-साथ बालिकाओं को पढ़ाने की अनिवार्यता जैसे सुधारात्मक फैसले भी लेती हैं। ऐसे फैसले निश्चित ही सामाजिक बदलाव की कहानी कहते हैं। लेकिन आधुनिक दौर में जब शिक्षा का प्रसार हुआ है और महिलाएं तरक्की के नित नए पायदान चढ़ रही हैं, ऐसा फरमान संचार व संपर्क के माध्यमों को सीमित करने वाला तो है ही, महिलाओं को आगे बढ़ने से भी रोकने वाला है। विचार करें, कोई भी ऐसे प्रतिबंधात्मक फरमानों को दबाव में महिलाएं मान भी लें तो क्या उनके लिए नए खतरे पैदा नहीं होने लगेंगे? आपातकाल में स्मार्टफोन को मददगार बनाने के लिए, बैंकिंग सेवाओं के इस्तेमाल में और यहां तक कि पढ़ाई-लिखाई में स्मार्टफोन की उपयोगिता किसी से छिपी नहीं है। प्रतिबंधकारी फरमान न केवल पुरानी सोच का परिचायक है बल्कि उस प्रवृत्ति की ओर भी संकेत करता है जिसमें लोग खुद मुंसिफ बनकर दूसरों पर मनमाने फरमानों की पालना को लेकर दबाव डालते हैं जो कानूनी दृष्टि से भी अनुचित ही है। समय-समय पर देशभर में अदालतें भी शिक्षण संस्थाओं में स्मार्टफोन रखने पर लगाए गए प्रतिबंधों को अनुचित बताती रही है। सवाल यह भी कि सिर्फ बहू-बेटियों के लिए ही ऐसे प्रतिबंध क्यों? स्मार्टफोन की उपयोगिता समझते हुए इसके खतरों से बचने के उपायों की दिशा में विचार करना होगा। जरूरत स्मार्टफोन के इस्तेमाल को लेकर आत्म-अनुशासन की है। जरूरत इस बात की है कि स्मार्टफोन को सुविधा के रूप में इस्तेमाल किया जाए, न कि लत के रूप में। आत्म-अनुशासन के बिना तकनीक ज्ञान का माध्यम बनने के बजाय ध्यान भटकाने का साधन बन जाती है। समय, उद्देश्य और सीमाओं के साथ स्मार्टफोन का उपयोग ही स्वस्थ डिजिटल जीवन की बुनियाद है।

# क्या कांग्रेस के अंदर बन रहे हैं दो सत्ता केंद्र?

**राहुल की छवि सीधे मोदी पर तल्ख हमले करते हुए टकराव की राजनीति करने वाले नेता की बन गई है। उनकी राजनीति और मुद्दों में निरंतरता का अभाव भी है। बीच-बीच में राहुल के विदेश चले जाने से भाजपा को उनकी अगंभीर राजनेता की छवि बनाने का मौका भी मिल रहा है। वरिष्ठ नेताओं के लिए भी राहुल से मुलाकात आसान नहीं। इसका असर कांग्रेसियों में पार्टी व अपने भविष्य की चिंता के रूप में सामने आ रहा है। प्रियंका में उन्हें बेहतर संभावनाएं दिखती हैं।**

**राज कुमार सिंह**

**संसद** से सड़क तक सत्तापक्ष और विपक्ष में टकराव तो साफ दिख रहा है, पर कांग्रेस की आंतरिक राजनीति में भी सब कुछ सामान्य नहीं है। 'वंदे मातरम्' पर संसद में चर्चा के बाद राजनीतिक गलियारों में राहुल-प्रियंका की चर्चाएं चल पड़ी हैं। सदन के नेता के नाते प्रधानमंत्री ने 'वंदे मातरम' पर चर्चा की शुरूआत की। अपेक्षा थी कि नेता प्रतिपक्ष के नाते राहुल गांधी बोलेंगे, पर कांग्रेस की ओर से मोर्चा संभाला प्रियंका ने। इसका कारण तो कांग्रेस ही जानती होगी, पर मोदी की भाषण कला की प्रशंसा करते हुए भी प्रियंका हास-परिहास के बीच ही तर्कों और तथ्यों के साथ सत्तापक्ष पर कटाक्षों से सदन को प्रभावित करने में सफल दिखीं। सत्तापक्ष और अध्यक्ष ओम बिड़ला की ओर से ज्यादा रोक-टोक भी नहीं हुई। राहुल गांधी भी बोले, मगर चुनाव सुधार पर चर्चा में। राहुल के भाषण में न तो नए तथ्य-तर्क दिखे और न ही प्रियंका की तरह आक्रामक हुए बिना सत्तापक्ष को कठघरे में खड़ा करने की कला।

'वंदे मातरम' में काट-छांट का आरोप लगाते हुए मोदी ने नेहरू द्वारा नेताजी सुभाष चंद बोस को लिखे पत्र के चुनिंदा अंश का उल्लेख किया था, जबकि प्रियंका ने कांग्रेस की सोच स्पष्ट करने वाले सभी अंशों का उल्लेख करते हुए उससे पहले नेताजी द्वारा नेहरू को लिखे गए पत्र और रवींद्र नाथ टैगोर के भी इस बाबत पत्र के अंश सुनाए। उसके बाद खुद कांग्रेस के अंदर राहुल से तुलना करते हुए प्रियंका को बड़ी राजनीतिक भूमिका देने की चचाएं फिर जोर पकड़ने लगी हैं। 'टीम राहुल' और 'टीम प्रियंका' में कथित टकराव की चर्चाओं को हवा देने में भाजपा के राजनीतिक निहितार्थ हो सकते हैं, पर इससे इनकार नहीं किया जा सकता कि दोनों की अपनी-अपनी टीम है और देश-प्रदेश में अपने-अपने पसंदीदा नेता भी।

नवजोत सिंह सिद्धू पंजाब में प्रियंका की पसंद माने जाते हैं, जिनकी महत्वाकांक्षाओं के चलते 2022 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की सत्ता से बेआबरू विदाई हुई। पहले सुनील जाखड़ को प्रदेश अध्यक्ष पद से हटना पड़ा और फिर कैप्टन अमरेंद्र सिंह को मुख्यमंत्री पद से। अब ये दोनों भाजपा के नेता हैं। मुख्यमंत्री बनने के लिए 500 करोड़ रुपए के सूटकेस की जरूरत होने का खुलासा करते हुए भी सिद्धू की पत्नी नवजोत कौर ने बताया कि उनके पति के पार्टी और प्रियंका से भावनात्मक रिश्ते हैं। पूर्व मंत्री नवजोत कौर को कांग्रेस ने निलंबित कर दिया है। माना जाता है कि राहुल को उत्तराधिकारी बनाने तथा पार्टी में दो सत्ता केंद्रों से बचने के मकसद से ही सोनिया गांधी ने प्रियंका को परदे के पीछे की भूमिका में रखा। वे मां सोनिया और भाई राहुल के चुनाव क्षेत्रों में प्रचार व प्रबंधन संभालती रहीं। प्रियंका को राष्ट्रीय महासचिव और यूपी प्रभारी बनने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा। 'इंडिया' गठबंधन में सहयोगी दलों के साथ भी कांग्रेस के रिश्ते सहज नहीं। खरगे राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं, पर अहम फैसले राहुल ले रहे हैं। हरियाणा में पिछले नेता प्रतिपक्ष को ही पुनः चुनने में पूरा साल लग गया। लगता है कि मां सोनिया की कांग्रेस को राहुल अपना नहीं पा रहे और अपनी पसंद की कांग्रेस बनाने का साहस नहीं जुटा पा रहे। परिणाम नेताओं के पलायन के रूप में भी सामने आ रहा है। पदयात्रा से राहुल की छवि बेहतर हुई, लेकिन संगठनात्मक कमजोरी के चलते उसका ज्यादा चुनावी लाभ मिला नहीं। राहुल की छवि सीधे मोदी पर तल्ख हमले करते हुए टकराव की राजनीति करने वाले नेता की बन गई है। उनकी राजनीति और मुद्दों में निरंतरता का अभाव भी है। बीच-बीच में राहुल के विदेश चले जाने से भाजपा को उनकी अगंभीर राजनेता की छवि बनाने का मौका भी मिल रहा है। वरिष्ठ नेताओं के लिए भी राहुल से मुलाकात आसान नहीं। इसका असर कांग्रेसियों में पार्टी व अपने भविष्य की चिंता के रूप में सामने आ रहा है। प्रियंका में उन्हें बेहतर संभावनाएं दिखती हैं।

इंदिरा गांधी की झलक के अलावा राजनीतिक समझ, संवाद और प्रभावी भाषण शैली में प्रियंका बेहतर मानी जाती हैं। प्रियंका के सत्र की समाप्ति पर स्पीकर की चाय पार्टी में शामिल होने और प्रधानमंत्री समेत सभी से हास-परिहास के साथ चर्चा को भी छवि निर्माण की कवायद माना जा रहा है। प्रियंका का एक ही नकारात्मक पहलू है- पति रॉबर्ट वाड्रा के विरुद्ध दर्ज मुकदमे। उसके चलते वह सरकार के विरोध में कितनी दूर तक जा पाएंगी- यह सवाल कांग्रेस में भी पूछा जा रहा है। बेशक प्रियंका की भूमिका का फैसला सोनिया ही करेंगी। वह कब और क्या होगी- यह देखना दिलचस्प होगा।

# स्वच्छता, तकनीक और नागरिक जिम्मेदारी का साझा मॉडल

**मोबाइल ऐप आधारित नागरिक सहभागिता पर शिकायत दर्ज करना, कचरा वाहन की लोकेशन देखना, फोटो-आधारित स्वच्छता रिपोर्ट, ड्रोन व सुदूर सर्वेक्षण तकनीक से बड़ी डंपसाइट्स और अवैध कचरा फेंकने की जगहों की पहचान, प्रदूषण फैलाव, अग्नि जोखिम और विस्तार की मॉनिटरिंग की जा सकती है व पर्यावरणीय मानकों की निगरानी जैसे वायु गुणवत्ता, ग्रीनहाउस गैस, तापमान आदि का मापन,प्लास्टिक प्रबंधन के लिए आधुनिक तकनीकें जैसे प्लास्टिक को छोटे टुकड़ों में बदलकर सड़क निर्माण और ईंधन उद्योग में प्रयोग करना, व ईंधन/रसायनों में बदला जा सकता है।**

**डॉ. रिपुन्जय सिंह**

**तेजी** से बढ़ता शहरीकरण आज भारत सहित दुनिया के सामने सबसे बड़ी पर्यावरणीय चुनौतियों में से एक है। बढ़ती आबादी, बदलती जीवनशैली, उपभोगवाद तथा औद्योगिक गतिविधियों ने कचरे की मात्रा में कई गुना वृद्धि की है। शहरी क्षेत्रों में प्रतिदिन उत्पन्न होने वाला ठोस कचरा न केवल पर्यावरण पर दबाव बढ़ाता है बल्कि स्वास्थ्य, स्वच्छता, नदियों की गुणवत्ता और नगर प्रशासन की क्षमता पर भी गहरा प्रभाव डालता है। इस संदर्भ में शहरी कचरा प्रबंधन एक बहुआयामी विषय है, जो तकनीक, नीतियों, नागरिक सहभागिता और आर्थिक मॉडल-सभी का समन्वय मांगता है। शहरी कचरा प्रबंधन किसी भी शहर की स्वच्छता, स्वास्थ्य, पर्यावरणीय गुणवत्ता और नागरिकों के जीवन स्तर का सबसे महत्वपूर्ण घटक है।

स्थानीय निकायों की मूल जिम्मेदारी होती है कि शहर में कचरे का कुशल संग्रहण, पृथक्करण, प्रसंस्करण और वैज्ञानिक निपटान सुनिश्चित हो। भारत में 74 वें संविधान संशोधन ने शहरी स्थानीय निकायों को कचरा प्रबंधन से संबंधित कार्यों को स्वतंत्र रूप से संचालित करने और नीतिगत निर्णय लेने की शक्ति प्रदान की है। आज शहरों में कचरा प्रबंधन के सर्वोत्तम अभ्यासों, सफल परिणामों, समुदाय की प्रतिक्रियाओं, नागरिक व्यवहार, तकनीकी व शासन-स्तरीय प्रतिक्रिया तंत्र, समग्र निष्कर्षों का विस्तृत अध्ययन की आवश्यकता है व नीति-निमार्ताओं, स्थानीय निकायों, पर्यावरण योजनाकारों और शहरी विकास विशेषज्ञों के लिए मार्गदर्शक का कार्य करें। शहरी क्षेत्रों में जनसंख्या वृद्धि, औद्योगिक प्रसार और बदलती उपभोग प्रणालियों ने कचरे की मात्रा को कई गुना बढ़ा दिया है। नगर निगम और स्थानीय प्रशासनिक निकायों के सामने चुनौती है कि वे कचरे को पर्यावरण-अनुकूल तरीकों से संभालें और शहरों को स्वच्छ, स्वस्थ और सतत बनाए रखें।

कचरा प्रबंधन केवल एक स्वच्छता प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह पर्यावरणीय संतुलन, सार्वजनिक स्वास्थ्य, संसाधन पुनः उपयोग, जलवायु परिवर्तन नियंत्रण तथा शहरी शासन का महत्वपूर्ण घटक है। आधुनिक विश्व में 'कचरा' अब सिर्फ अपशिष्ट नहीं बल्कि एक संपदा है, जिसे उचित प्रबंधन से आर्थिक और पर्यावरणीय मूल्य में बदला जा सकता है। नए आधुनिक आधारित समाधान से सेंसर लगे डस्टबिन जो स्वतः भराव स्तर से नगर निगम के कंट्रोल रूम को रियल-टाइम डेटा प्राप्त होता है, जिसमें केवल भरे हुए बिनों से कचरा संग्रहण, ईंधन, समय और संसाधन की बचत होती है। वैश्विक स्थान निर्धारण प्रणाली व रेडियों आधारित कचरा वाहन ट्रैकिंग से प्रत्येक कचरा संग्रहण वाहन में ट्रैकर द्वारा वाहन की गति, मार्ग, समय और अनियमितताओं की मॉनिटरिंग से संग्रहण में पारदर्शिता और भ्रष्टाचार में कमी आ सकती है। कृत्रिम बुद्धिमता व मशीन शिक्षण आधारित कचरा छंटाई द्वारा छवि पहचान प्रणाली ऑटोमेटिक रूप से प्लास्टिक, कागज, धातु, जैविक आदि को पहचानकर अलग करती है, जिससे रीसाइक्लिंग क्षमता बढ़ती है व मानव श्रम पर निर्भरता घटती है और सुरक्षा भी बढ़ती है। इससे कचरा उत्पादन का पूवार्नुमान लगाया जा सकता है। मौसम, त्योहार, जनसंख्या, बाजार गतिविधियां इत्यादि के आंकड़े से भविष्य की कचरा मात्रा का अनुमान लगाया जा सकता है व इससे स्थानीय निकाय अग्रिम योजना बना सकते हैं।

भौगोलिक सूचना प्रणाली तकनीक से शहर के नक्शे पर बिंदुवार कचरे के स्रोत, कचरा पात्र का स्थान और यातायात का विश्लेषण प्राप्त हो सकता है, जिससे सबसे कुशल मार्ग तय हो सके, ईंधन व समय की बचत हो सके, कम प्रदूषण, लैंडफिल/डंपसाइट की वैज्ञानिक निगरानी गैस रिसाव, कचरे का फैलाव, भूजल स्तर और पर्यावरणीय प्रभावों की निगरानी की जा सकती है। रोबोटिक सफाई मशीनों से सड़कों, नालियों, बाजारों की सफाई अब कई शहरों में उपयोग हो रही हैं, कृत्रिम कन्वेयर-बेल्ट आधारित छंटाई संयंत्रों का बड़े शहरों में प्रयोग हो रहा है। कचरे से बिजली उत्पादन और बायो-मीथनेशन तकनीक से पुनर्चक्रण योग्य कचरे को जलाकर ऊर्जा प्राप्त की जाती है। दिल्ली, हैदराबाद, पुणे आदि शहरों में यह प्लांट चल रहे हैं।गीले कचरे से बायोगैस और जैविक खाद बनती है। इंदौर में नगर निगम अपनी बसें और स्ट्रीट लाइट्स इससे चलाते हैं। आंकड़े प्रबंधन और डिजिटल प्लेटफॉर्म से केंद्रीकृत कमांड एंड कंट्रोल सेंटर द्वारा शहर के सभी आंकड़ों का एकीकृत डैशबोर्ड पर प्राप्त होता है व सफाई, कचरा संग्रहण, वाहन ट्रैकिंग, शिकायतें सब कुछ एक जगह प्राप्त हो जाती हैं। मोबाइल ऐप आधारित नागरिक सहभागिता पर शिकायत दर्ज करना, कचरा वाहन की लोकेशन देखना, फोटो-आधारित स्वच्छता रिपोर्ट, ड्रोन व सुदूर सर्वेक्षण तकनीक से बड़ी डंपसाइट्स और अवैध कचरा फेंकने की जगहों की पहचान, प्रदूषण फैलाव, अग्नि जोखिम और विस्तार की मॉनिटरिंग की जा सकती है व पर्यावरणीय मानकों की निगरानी जैसे वायु गुणवत्ता, ग्रीनहाउस गैस, तापमान आदि का मापन,प्लास्टिक प्रबंधन के लिए आधुनिक तकनीकें जैसे प्लास्टिक को छोटे टुकड़ों में बदलकर सड़क निर्माण और ईंधन उद्योग में प्रयोग करना, व ईंधन/रसायनों में बदला जा सकता है।

सफाई कर्मियों के लिए भी स्मार्ट सेफ्टी गियर प्रयोग में लिए जा सकते हैं। जैसे गैस सेंसरयुक्त मास्क, न्यायालयों द्वारा मैनुअल सीवर एंट्री पर बंदिशें व मशीनों का उपयोग बढ़ा कर सीवर और नाले की मशीन आधारित सफाई का प्रावधान है। शिक्षण और व्यवहार परिवर्तन के लिए तकनीक डिजिटल अभियान, सोशल मीडिया, डिजिटल पोस्टर व ऑडियो-वीडियो सामग्री के प्रयोग हैं। नागरिकों को सेग्रिगेशन नियम समझाना व कचरा संग्रहण बताना आवश्यक है। अंतरराष्ट्रीय श्रेष्ठ तकनीकी मॉडल, जिनसे भारत, सिंगापुर का स्मार्ट मॉडल जो वेस्ट छंटाई पर आधारित है व ऊर्जा और पर्यावरण दोनों को लाभ पहुंचाता है। जापान का रोबोटिक रीसाइक्लिंग मॉडल, जो 44 प्रकार का सेग्रिगेशन करता है। स्वीडन का रिकवरी सिस्टम 99 त्न कचरा उपयोग मॉडल से सीखा जा सकता है। भारतीय नगर निगमों में इंदौर का जीपीएस द्वारा वाहन को ट्रेक करना, मोबाइल ऐप का प्रयोग करना व बायो-मीथनेशन बनाना है। सूरत का कचरा बिन आधारित, रूट मानिटरिंग व हैदराबाद का स्मार्ट कमांड सेंटर है।

# स्वयं ही शक्ति है

**श्रीश्री रवि शंकर**

चिंतन-मनन

**बुद्धि** का केंद्र, मन की उपेक्षा, निरंतर अस्थिरता और असंतोष की स्थिति को जन्म देता है। हालांकि, मन की चंचलता से परे बुद्धि का क्षेत्र है, ज्ञान का प्रकाश स्तंभ जो हमें जीवन के अशांत सागरों में मार्गदर्शन करता है। कौन ज्यादा महत्त्वपूर्ण है, वे वस्तुएं जिनकी हम इच्छा करते हैं या वे इंद्रियां जिनके मांध्यम से हम उन्हें अनुभव करते हैं? वास्तव में, इंद्रियां स्वयं वस्तुओं से ज्यादा महत्त्वपूर्ण हैं। उदाहरण के लिए आपकी आंखें टेलीविजन से ज्यादा कीमती हैं, आपके कान संगीत से ज्यादा कीमती हैं और आपकी जीभ स्वादिष्ट भोजन से ज्यादा महत्त्वपूर्ण है। हमारी त्वचा भी उन चीजों से ज्यादा महत्त्वपूर्ण है जिन्हें हम छूते हैं। लेकिन मूर्ख लोग क्या करते हैं? वे इस सच्चाई को नहीं समझते और इंद्रियों से ज्यादा इंद्रिय विषयों को महत्त्व देते हैं। वे जानते हैं कि ज्यादा देर तक टीवी देखने से उनकी आंखों की रोशनी जाती है, फिर भी वे घंटों टीवी देखते रहते हैं।

वे समझते हैं कि ज्यादा खाना उनके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, फिर भी वे अपनी सेहत से ज्यादा खाने को प्राथमिकता देते हैं। यह जानना कि हमारी इंद्रियां, इंद्रियों के विषयों से ज्यादा महत्त्वपूर्ण हैं, पहला कदम है। मन इंद्रियों से भी ज्यादा महत्त्वपूर्ण है। अकसर, हम पूरी तरह से उपस्थित हुए बिना ही काम करते हैं, हमारा मन कहीं और होता है। ऐसी स्थिति में, हमारे कर्म अपना अर्थ खो देते हैं और हम उदास हो जाते हैं। जब मन की उपेक्षा की जाती है और केवल इंद्रियों और उनके विषयों पर ही ध्यान दिया जाता है, तो अवसाद शुरू हो जाता है। मन की जरूरतों पर भौतिक इच्छाओं को प्राथमिकता देने से अवसाद उत्पन्न होता है। अगर आपको किसी खास तरह का भोजन चाहिए और वह आपको नहीं मिलता, तो आप उदास महसूस करते हैं। मूर्ख मन की बजाय इंद्रियों पर ध्यान देता है। मन की प्रकृति क्या है? यह चंद्रमा की कलाओं की तरह परिवर्तनशील है।

मन की तुलना अकसर चंद्रमा से की जाती है, जो घटता-बढ़ता रहता है। जिस तरह चंद्रमा स्थिर नहीं रहता, उसी तरह हमारा मन भी निरंतर परिवर्तनशील अवस्था में रहता है। मन से परे हमारी बुद्धि है। अगर हम सिर्फ अपने मन की बात मानेंगे, तो हमें बिना किसी उद्देश्य के निरंतर उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ेगा। जो लोग सिर्फ अपने मन के अधीन रहते हैं।

## आपके पत्र

### वसुधैव कुटुंबकम का भाव और हम

नये साल का आगमन केवल दिन, महीना, साल बदलना ही नहीं है, बल्कि जीवन की उम्र भी निर्बाध रूप से बदलती रहती है। जीवन में समय कम होता जाता है,और काम अनेक पड़े रह जाते हैं। हम सोचते रह जाते हैं और समय बालू की रेत की तरह हाथों से निकल जाता है। विगत वर्षों का सिंहावलोकन कर नये साल में नया संकल्प लें। हम अपनी आदत और प्राथमिकता के अनुसार अपने काम करते हैं लेकिन व्यस्तता के चलते छोटी-छोटी चीजों को नजरअंदाज कर देते हैं। स्वस्थ रहें,यह हमारी प्रथम प्राथमिकता होनी चाहिए क्योंकि इसके बिना सारा कार्य अवरुद्ध हो जाता है। दूसरी प्राथमिकता हो मन का प्रफुल्लित रहना। इसके लिए आपस में प्रेम, सद्भाव की जरूरत है। तीसरी प्राथमिकता है धन। अर्थ बिना व्यर्थ! धन साधन है और इससे ही आवश्यकता पूरी होती हैं। भविष्य के लिए आर्थिक सवालंबन जरूरी है ताकि आपदा के समय कहीं भटकना न पड़े। ईमानदार,सदाचारी बनें ताकि इसका अनुकरण अन्य लोग भी करें। अपने परिजनों, संबंधियों, मित्रों के साथ अपनापन,सहयोग की भावना रखें। दुख- सुख में साथ रहें ताकि संबंध प्रगाढ़ रहें। वसुधैव कुटुंबकम की भावना हर समय अपने दिल में बसाए रखें।

**आरती वर्मा,रांची**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website :**
www.metrorays.in
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

न्यूज IN ब्रीफ

## जिले भर में क्रिसमस की रही धूम, चर्च में हुई विशेष प्रार्थना



**साहिबगंज :** ईसाई धर्मावलंबियों के क्रिसमस पर्व पर जिले भर में धूम रही। शनिवार देर रात से सभी चर्च में विशेष प्रार्थना का आयोजन हुआ।मुख्यालय के घाट रोड स्थित कैथोलिक चर्च में शनिवार की रात से रविवार की शाम तक क्रिसमस का उत्सव मनाया।क्रिसमस ईसाई धर्म के लोगों का सबसे प्रमुख त्योहार है।जिसे हर साल 25 दिसंबर के दिन क्रिसमस डे के रूप में मनाया जाता है।इसी को लेकर साहिबगंज जिले में 24 दिसंबर से ही क्रिसमस की धूमधाम शुरू हो गयी।ईसाई धर्म के लोग इस दिन को यीशू मसीह के जन्मदिन के रूप में मनाते हैं। 24 दिसंबर की आधी रात को फादर मथियस हेंब्रम के नेतृत्व में विशेष तौर प्रार्थना की गई। कैथलिक चर्च में सैकड़ों की संख्या में ईसाई धर्म के महिला पुरुष के साथ बच्चे प्रार्थना करने पहुंचे।फादर ने कहा कि प्रभु यीशु का जन्म हो चुका है।सभी आने पापों का प्रायश्चित कर आपस के मतभेद भुला कर प्रेम भाव से रहें।उन्होंने ईसा मसीह के जन्म से जुड़ी विस्तृत जानकारी दी।इस दौरान लोगों ने एक दूसरे को क्रिसमस की बधाई देते हुए तोहफ बांटे।मौके पर फादर लाजारूस किस्कू,फादर टॉम,एसजे सिस्टर पुष्पा,सिस्टर रोजी,सिस्टर नूरी,सिस्टर मैरी,ब्रदर जॉन,ब्रदर वास्को सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद थे।

## वाजपेई जी का समाज के सभी वर्गों के साथ अच्छे संबंध थे : जिलाध्यक्ष



**साहिबगंज :** आजसू कार्यालय में जिलाध्यक्ष चतुरानंद पांडे की अध्यक्षता में भारत माता के लाल भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और आजसू पार्टी के संस्थापक शहीद निर्मल महतो के तैलीय चित्र पर पुष्प व श्रद्धासुमन अर्पित करके संयुक्त रूप से जयंती मनाया गया।जिलाध्यक्ष ने कहा कि वाजपेई जी के सरल व्यक्तित्व और समाज के सभी वर्गों के साथ अच्छे संबंधों थे।पार्टी संस्थापक शहीद निर्मल महतो दझारखंड के युवाओं को एक मंच पर लाकर इस राज्य का विकास किस तरह से हो यह सोच को जन्म देने का काम किया था।मौके पर जिला उपाध्यक्ष गोविंद पासवान,जिला संगठन सचिव बिभास साह,प्रखंड अध्यक्ष शशिकांत दुबे,मंडल प्रखंड अध्यक्ष राजेश राय, वकील मंडल,नारायण सिंह,कृष्ण कुमार पांडे, मनोहर लाल,विजय यादव,राहुल सिंह,सुशील मरांडी,चरण मुर्मू,श्याम कुमार,मो इमरान,दिवेश पटेल,संजू कुमार,मो अंसारुल अंसारी,मो रबीउल अंसारी,सनी कुमार गोंड,बसंत दास रंजीत कुमार राय, पप्पू यादव सहित अन्य थे।

## समाजसेवी ने बच्चों के बीच गर्म कपड़े, बिस्किट, केक व चॉकलेट बांटे

**साहिबगंज :** शहर के सिद्धू कानू स्टेडियम के समीप नेत्रहीन विद्यालय मे बड़ा दिन के अवसर पर नेत्रहीन विद्यालय में 60 बच्चों के बीच समाजसेवी नीतीश कुमार,रामजी ठाकुर नूर हसन के द्वारा गरम कपड़ा स्वेटर बिस्किट केक चॉकलेट का वितरण किया गया।साथ ही बच्चों को गीत संगीत व स्वागत गान गया गया।मौके पर सुनील ठाकुर,साधना देवी,राज किशोर,सुनिधि परिनिधि,नूर हसन सहित कई शिक्षक व आमजन उपस्थित थे।

## कर्मचारी संघ पुलिस कर्मियो की जो भी समस्या होगी संगठन करेगा समाधान : अमलेश



**साहिबगंज :** झारखंड पुलिस चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष पंकज ठाकुर के नेतृत्व मे झारखंड सशस्त्र पुलिस के नव नवनिर्वाचित अध्यक्ष अमलेश कुमार सिंह,उपाध्यक्ष भारत राय,सचिव सत्येंद्र पासवान कोषाध्यक्ष राजेंद्र टुडू संयुक्त सचिव सुबोध कुमार निराला,पूर्व संयुक्त महामंत्रीभगवान मांझी,वर्तमान वाहिनी कार्यकारिणी पदाधिकारी को बुके और शाल देकर सम्मानित किया।झारखंड पुलिस एसोसिएशन के अध्यक्ष अमलेश कुमार सिंह ने कहा की वाहिनी के चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी संघ पुलिसमैन की जो भी समस्या होगी संगठन के द्वारा समस्याओ का समाधान किया जायेगा।श्री सिंह ने सभी लोगो को नववर्ष की शुभकामनाएं दी जबकि उनके उज्जवल भविष्य का कामना किया।मौके पर झारखंड पुलिस चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष पंकज ठाकुर,जीतन किस्कू,मंत्री मनोज यादव, सुबोध ठाकुर,मुन्ना कुमार सिंह,झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन के पूर्व मंत्री कुंज बिहारी ओझा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव चुने गए सूर्यांश प्रताप

**मेदिनीनगर :** झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव में पलामू प्रमंडल में सबसे अधिक वोट प्राप्त कर प्रदेश सचिव पद पर सूर्यांश प्रताप सिंह को चुन लिया गया है। इस जीत से युवा सूर्यांश प्रताप काफी प्रोत्साहित हैं। मेदिनीनगर नगर पालिका के चेयरमैन स्व. नर्वदेश्वर सिंह के परपौत्र, पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र सिंह के पौत्र और पूर्व चेयरमैन पूनम सिंह के छोटे पुत्र सूर्यांश प्रताप सिंह अपने परिवार के राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाने की दिशा में लगातार सक्रिय हैं। सूर्यांश ने जीत के बाद कहा कि उन्हे जो जवाबदेही मिली है उसका निर्वहन करने के लिए वे लगातार प्रयास करते रहेंगे।

# खेल से शारीरिक मानसिक और बौद्धिक विकास होता है : सांसद

संवाददाता

**साहिबगंज :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से आयोजित सांसद खेल महोत्सव का समापन पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जयंती के दिन हुआ।इस बीच राजमहल लोकसभा क्षेत्र के पाकुड़ व साहिबगंज जिला में फुटबॉल,वालीबॉल,कबड्डी, कुश्ती,चेस,एथलेक्टिश के कई टूनामेंट दौड़,ऊंची कूद सहित अन्य खेलकूद प्रतियोगिता कराया गया।समापन समारोह गुरुवार को रेलवे जनरल इंस्टीट्यूट टॉकीज फील्ड मैदान में आयोजित किया गया।जिसमें मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष विकास प्रीतम सिन्हा,राजमहल पूर्व विधायक अनंत ओझा,भाजपा किसान मोर्चा राष्ट्रीय मंत्री बजरंगी प्रसाद यादव सहित अन्य शामिल हुए।एलईडी टीवी स्क्रीन के जरिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव प्रसारण देखा गया।वही 100 मीटर ओर ऊंची कूद की प्रतियोगिता का शुभारंभ राज्यसभा सांसद सहित अन्य ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके किया।वही विभिन्न खेलो में विजय हुए महिला पुरुष खिलाड़ियों को राज्यसभा सांसद आदित्य साहू सहित अन्य मेडल ट्रॉफी सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।




वही राज्यसभा सांसद ने कहा कि जहां भाजपा सांसद नहीं है वहां राज्यसभा सांसद को कार्यक्रम करना था।खेल के जरिय युवाओं को राष्ट्रभक्ति अनुशासन का पाठ पढ़ाया जा रहा है।सांसद खेल महोत्सव के जरिय खिलाड़ियों के अंदर छुपी प्रतिभा को निखारने का कार्य किया जा रहा है।यही खिलाड़ी एक दिन राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाएगा।साहिबगंज की धरती वीरों की धरती है,यहां सिदो कान्हु चांद भैरव फूलोंझानो जैसे वीर जन्म लिए है। झारखंड निमार्ता अटल बिहारी वाजपेयी का जयंती है,देश उनको नमन कर रहा है।युवा ईमानदारी पूर्वक अपना कार्य करे, अपने कर्तव्यों का निर्वहन करे, अपना नीति सही रखे तो आपको आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता।वही राज्यसभा सांसद सहित भाजपा नेताओं,पत्रकारों ने भी सांसद खेल महोत्सव में दौड़ लगाई।सांसद ने पत्रकारों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।वही इससे पूर्व राज्यसभा सांसद सहित भाजपा के सभी नेताओं व कार्यकताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के तैलीय चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करके नमन किया।ये हुए विजेता 100 मीटर दौड़ महिला में प्रथम प्रीति कुमारी, द्वितीय उर्मिला किस्कू, तृतीय पूजा एक्का, 100 मीटर पुरुष में प्रथम धीना हांसदा, द्वितीय बासु हेंब्रम, तृतीय कृष्णा कुमार यादव, हाई जंप महिला प्रथम रश्मि कुमारी, द्वितीय निर्मला टुडु, तृतीय तमन्ना खातून, हाई जंप पुरुष प्रथम कुंदन कुमार गोंड, द्वितीय रंजन कुमार, तृतीय अनिल राजवार, फुटबॉल में प्रथम फूलबंगा की टीम, उपविजेता लखीपुर हुआ।कबड्डी प्रथम पाकुड़, उपविजेता साहिबगंज, चेस में प्रथम ऋषभ, द्वितीय आर्यन, तृतीय मयंक, वालीबॉल में प्रथम पाकुड़, उपविजेता सुंदरपुर, कबड्डी महिला में प्रथम साहिबगंज,उपविजेता बोरियो हुआ। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष उज्ज्वल मंडल,गणेश तिवारी,गौतम यादव, रामानंद साह,धर्मेंद्र कुमार,भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष कुमारी गरिमा, मनोज यादव,कुष्माकर तिवारी,चांदनी देवी,विनोद चौधरी,संजय पटेल,गौतम पंडित,आनंद मोदी,अनंत सिन्हा,रिंकू शेख, चंद्रभान शर्मा,अनिमेष सिन्हा,पंकज चौधरी,मो कमाल,सजीव पासवान,कृष्णा शर्मा, नमिता कुमारी, ललिता देवी,गरिमा शाह,चांदनी देवी, अनुराग राहुल सहित सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थें।

## राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना है : प्राचार्य

संवाददाता

**साहिबगंज :** मेरा युवा भारत, साहिबगंज के तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय अंतर-जिला युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम 2025 का शुभारंभ आज साहिबगंज सदर प्रखंड स्थित उत्सव बैंकेट हॉल में किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को शिक्षा, रोजगार, संस्कृति व व्यक्तित्व विकास से संबंधित अवसरों से जोड़ना है और उन्हें राष्ट्र निर्माण की मुख्यधारा में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना है।कार्यक्रम का उद्घाटन परंपरागत तरीके से दीप प्रज्ज्वलन एवं स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. एस. आर. रिजवी, प्राचार्य, साहिबगंज महाविद्यालय, विशेष अतिथि श्री प्रशांत भारती, नोडल पदाधिकारी एनएसएस पूर्व प्राध्यापक श्री सुबोध कुमार झा उपस्थित रहे।अपने उद्बोधन में डॉ.



रिजवी ने कहा कि यह कार्यक्रम युवाओं को अपने सपनों को साकार करने हेतु एक सुदृढ़ मंच प्रदान करता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे इस अवसर का सकारात्मक उपयोग करते हुए आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास करें। कार्यक्रम का संचालन अनिल कुमार, कार्यक्रम लेखा सहायक, साहिबगंज द्वारा किया गया। जिला युवा अधिकारी, मेरा युवा भारत साहिबगंज मोंटू पातर ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान आगामी पांच दिनों में शैक्षणिक सत्र, कार्यशालाएं, खेल गतिविधियां एवं क्षेत्रीय भ्रमण जैसे विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे प्रतिभागी युवाओं को नई दृष्टि एवं प्रेरणा प्राप्त होगी।

कार्यक्रम में हजारीबाग जिले से आए प्रतिभागी में सम्मिलित रहे।यह कार्यक्रम युवाओं के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है।

## कौसर ने युवा कांग्रेसका राजमहल विधानसभा अध्यक्ष पद पर कब्जा जमाया

संवाददाता

**साहिबगंज :** झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के सांगठनिक चुनाव में कौसर अलम ने बड़ी जीत दर्ज करते हुए युवा कांग्रेस कमेटी का राजमहल विधानसभा अध्यक्ष पद पर कब्जा जमाया।कौसर आलम के जीत की घोषणा होते ही विधानसभा भर में युवा कांग्रेस कार्यकताओं ने उत्साह और नई ऊर्जा संचार देखने को मिला कार्यकताओं ने उन्हें 222 मतो की ऐतिहासिक जीत पर शाम को युवा कांग्रेस कार्यालय लालबथानी हटिया में कौसर आलम को मिठाई खिलाकर एवं फूलमाला पहनाकर बधाइयां दी।कौसर आलम को संघात्मक कार्यों का लंबा अनुभव प्राप्त है वो पूर्व में युवा कांग्रेस साहिबगंज सदर प्रखंड अध्यक्ष रह चुके हैं जहां उन्होंने जनहित मुद्दों को मजबूती से उठाया उनके इस अनुभव को देखते हुए कार्यकर्ता को उम्मीद है कि उनके नेतृत्व में राजमहल विधानसभा के युवा



कांग्रेस संगठन और अधिक से अधिक मजबूत व सक्रिय होगा तथा युवाओं की आवाज को सशक्त मंच मिलेगा।विधानसभा अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद कौसर आलम ने पाकुड़ विधायिका सह साहिबगंज जिला प्रभारी निसात आलम,प्रदेश कांग्रेस महासचिव तनवीर आलम,जिला कांग्रेस अध्यक्ष बरकत खान,युवा पूर्व जिला अध्यक्ष एकलाख नदीम मोहम्मद कलीमुद्दीन बासुकीनाथ यादव सरफराज आलम सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं बुद्धिजीवोंयो और सभी युवा कांग्रेस कार्यकताओं के प्रति आभार प्रकट किया कौसर आलम ने कहा की संगठन को जमीनी स्तर पर सख्त बनने अधिक से अधिक युवाओं को कांग्रेस से जोड़ने का पार्टी के विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगे।उन्होंने भरोसा जताया की युवा कांग्रेस आने-वाले समय में राजमहल विधानसभा के हर जन समस्या को मजबूती से उठाएंगे।

## सिविल सोसाइटी ने अटल बिहारी वाजपेयी व मदन मोहन मालवीय को किया नमन

संवाददाता

**दुमका :** सिविल सोसायटी, पटेल सेवा संघ और शहीद सरदार भागवत राउत विचार मंच,दुमका के संयुक्त तत्वावधान में देशरत्न भूतपूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी और महान समाज सुधारक भारतीय संस्कृति के प्रतीक बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के संस्थापक पंडित मदन मोहन मालवीय जी के अवतरण दिवस पर श्रद्धासुमन अर्पण का कार्यक्रम और साथ ही तुलसी पुजन दिवस पर विशेष विधिवत पूजन का आयोजन सरदार वल्लभ भाई पटेल प्रतिमा



स्थल पर किया गया।

उक्त अवसर पर सिविल सोसायटी दुमका के अध्यक्ष राधेश्याम वर्मा, पटेल सेवा संघ के अध्यक्ष अशोक कुमार राउत,तीनों संगठन के सचिव संदीप कुमार जय बमबम, पटेल सेवा संघ के उपाध्यक्ष राजेश कुमार राउत, सिविल सोसायटी दुमका के कार्यकारी अध्यक्ष अरुण कुमार सिन्हा,वरिष्ठ पत्रकार अमरेन्द्र सुमन,हलधर मंडल, विनोद राउत,लक्ष्मीनारायण साह,मुकेश कुमार सिंह,रविकांत राउत,रिंकू कुमार मंडल,गगण कुमार मिश्रा,रोहित कुमार,राजेश राउत मुन्ना आदि उपस्थित रहकर श्रद्धांजलि अर्पित किया।

कार्यक्रम में अरुण कुमार सिन्हा ने श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी और पंडित मदन मोहन मालवीय जी के जीवन वृत्त पर विस्तृत प्रकाश डाला साथ ही सिविल सोसायटी दुमका के अध्यक्ष राधेश्याम वर्मा ने अपना विचार व्यक्त कर धन्यवाद ज्ञापित किया और कार्यक्रम का संचालन विविध सचिव संदीप कुमार जय बमबम ने किया।

## उमर वैश्य महासभा की महिला परिषद में हर्ष का माहौल



**साहिबगंज :** अखिल भारतीय उमर वैश्य महासभा द्वारा पिंकी मोदी को राष्ट्रीय संगठन मंत्राणी बनाए जाने पर साहिबगंज उमर वैश्य महासभा की महिला परिषद में हर्ष का माहौल है। संगठन की कार्यकारिणी ने राष्ट्रीय महामंत्री श्यामधर गुप्त को आभार प्रकट करते हुए कहा कि उन्होंने साहिबगंज की महिला को महिला परिषद में उचित स्थान देकर साहिबगंज का मान बढ़ाया है।पिंकी मोदी में नेतृत्व की क्षमता है, और हमें विश्वास है कि उनके नेतृत्व में हमारा महिला संगठन आगे बढ़ेगा। कार्यकारिणी की अध्यक्ष कंचन कुमारी, उपाध्यक्ष पूजा कुमारी,पूनम देवी,सीमा देवी,अनीता देवी,गुड़िया देवी,ज्योति,खुशबू,सुमित्रा,शालिनी गुप्ता,राखी,कंचन,पलक,उर्मिला,प्रीति,प्रियंका,रीना,नीलम गुप्ता समेत कई महिलाओं ने बधाई दी है।

## शिविर में गाइड्स सीख रहे हैं कठिन समय में भी उत्साहपूर्वक जीवन जीने की कला

संवाददाता

**दुमका :** श्रीराम कृष्ण आश्रम उच्च विद्यालय, दुमका में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स,दुमका द्वारा संचालित गाइड्स शिविर के तीसरे दिन शिविर प्रधान विजय कुमार दूबे एवं सहायक शिविर प्रधान अनुराग नन्दन तथा शिविर सहायक गुलशन विश्वकर्मा द्वारा शिविर में भाग ले रही गाइडों को जीवन में काम आने वाले विभिन्न प्रकार गजट, गांठ एवं पायोनियरिंग प्रोजेक्ट बनाने की विधि बताई गई। शिविर में भाग ले रही गाइडों ने नदी को पार करने के लिए रिवर क्रॉसिंग एवं शिविर की सुरक्षा हेतु वाचिंग टॉवर का निर्माण कर उसका प्रदर्शन किया। गाइडों ने रहने के लिए टेंट का भी निर्माण कर उसका प्रदशर्न किया। शिविर के तीसरे दिन आरती दूबे ने शिविर का निरीक्षण किया। श्रीमती



आरती ने गाइडों को सम्बोधित करते हुए कहा कि स्काउट्स एवं गाइड्स का प्रशिक्षण जीवन में बहुत काम आता है। कहा कि स्काउट्स एवं गाइड्स राष्ट्र भक्त होते हैं एवं सामाजिक सेवा में बढ़चढ़कर भाग लेते हैं।जिला सचिव विजय कुमार दूबे ने बताया कि शिविर में गाइडों के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न गतिविधियों का गुर सिखाए जा रहे हैं। कहा कि जब नदी पार करने के लिए पूल नही होता है तो स्काउट्स एवं गाइड्स रिवर क्रॉसिंग का निर्माण कर नदी को पार कर जाते हैं।स्काउट्स एवं गाइड्स जीवन मे आने वाली बाधाओं को अपने कौशल से सरलतापूर्वक पार कर जाते हैं।जिला संगठन आयुक्त अपरेश कुमार ने बताया कि शिविर में विशेषज्ञों द्वारा प्राथमिक उपचार, आपदा प्रबंधन एवं अग्निशमन की भी ट्रेनिंग दी जाएगी।सहायक स्काउट मास्टर अनुराग नन्दन ने बताया कि शिविर के माध्यम से गाइडों में बौद्धिक क्षमता के साथ साथ शारीरिक क्षमता का भी विकास हो रहा है। मौके पर अशोक कुमार यादव,विजय कुमार दूबे, आरती दूबे,अपरेश कुमार, अनुराग नंदन, गुलशन विश्वकर्मा, हरिमोहन, तुषार कुमार एवं अनुराग कुमार साह मैजूद थे।

# अक्षय कुमार की फिल्म वेलकम टू द जंगल की शूटिंग पूरी



**बॉलीवुड** के खिलाड़ी कुमार अक्षय कुमार की आने वाली फिल्म वेलकम टू द जंगल की शूटिंग पूरी हो गई है। अक्षय कुमार ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर फिल्म वेलकम टू द जंगल का टीजर शेयर किया है। इस वीडियो में अक्षय कुमार, रवीना टंडन, सुनील शेट्टी, अरशद वारसी, तुषार कपूर, जॉनी लीवर, दिशा पटानी, जैकलीन फर्नांडीज, आफताब शिवदसानी और राजपाल यादव सहित कई सितारे नजर आ रहे हैं। सभी के हाथ में बंदूकें हैं और उन्होंने सुरक्षात्मक गियर पहन रखे हैं।


अक्षय कुमार ने इस टीजर के साथ कैप्शन में लिखा, वेलकम टू द जंगल की टीम की तरफ से आप सभी को मैरी क्रिसमस। हम 2026 में सिनेमाघरों में आ रहे हैं। मैं अभी तक इतने बड़े प्रोजेक्ट का कभी भी पार्ट नहीं बना हूं, हममें से कोई भी नहीं। हम अपने इस तोहफे को आपके साथ शेयर करने का इंतजार नहीं कर सकते हैं। फाइनली शूट रैपअप हो चुकी है, वेल डन गैंग।

अक्षय कुमार ने लिखा, जो भी इस फिल्म के साथ जुड़े हुए हैं, उन सभी ने इस फिल्म पर बहुत मेहनत की है। हमारे बड़े से परिवार की ओर से आपके घरों तक। हम आपका 2026 बेस्ट हो, इसकी कामना करते हैं।

# जान्हवी कपूर बनीं न्यू बैलेंस की पहली भारतीय ब्रांड एंबेसेडर



**बॉलीवुड** अभिनेत्री जान्हवी कपूर ग्लोबल एथलेटिक ब्रांड न्यू बैलेंस की पहली भारतीय ब्रांड एंबेसेडर बन गई हैं। वर्ष 2025 में दमदार और प्रभावशाली परफॉर्मेंसेज के साथ अपनी वर्सेटिलिटी और स्क्रीन प्रेजेंस को फिर से साबित करने के बाद जान्हवी कपूर अब सिनेमा से आगे बढकर अपने प्रभाव का दायरा और बढ़ा रही हैं। जान्हवी कपूर को ग्लोबल एथलेटिक ब्रांड न्यू बैलेंस की पहली भारतीय ब्रांड एंबेसेडर के रूप में घोषित किया गया है और यह साझेदारी भारतीय बाजार पर ब्रांड के बढ़ते फोकस की दिशा में एक अहम मील का पत्थर मानी जा रही है। जान्हवी कपूर न्यू बैलेंस के उन मूल्यों को दर्शाती हैं, जिन्हें यह ब्रांड वैश्विक स्तर पर प्रमोट करता है और वो है ऑथेंटिसिटी, रेज़िलिएंस और आत्मविश्वास। कान्स फिल्म फेस्टिवल और टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल जैसे इंटरनेशनल प्लेटफॉर्म्स पर उनकी मौजूदगी ने उन्हें एक ऐसी समकालीन भारतीय आवाज के रूप में स्थापित किया है, जिसकी ग्लोबल अपील है। जान्हवी कपूर ने कहा कि मैं हमेशा से न्यू बैलेंस को उसकी इनोवेशन के प्रति प्रतिबद्धता और इंडिविजुअलिटी को सेलिब्रेट करने के लिए पसंद करती आई हूँ। यह ऐसा ब्रांड है जो आपको अपनी कहानी खुद अपनाने के लिए प्रेरित करता है, और यही बात मुझसे गहराई से जुड़ती है। मेरे लिए फैशन और फिटनेस हमेशा खुद के प्रति सच्चे रहने के बारे में रहे हैं और न्यू बैलेंस मुझे उस कॉन्फिडेंस और ऑथेंटिसिटी को एक्सप्रेस करने का मौका देता है। न्यू बैलेंस फैमिली का हिस्सा बनकर मैं खुद को बेहद सम्मानित महसूस कर रही हूं और इस जर्नी को लेकर उत्साहित हूं।





## रजनीकांत की जेलर 2 में कैमियो करेंगे शाहरुख खान

**बॉलीवुड** के किंग खान शाहरुख खान, दक्षिण भारतीय फिल्मों के महानायक रजनीकांत की आने वाली फिल्म जेलर 2 में कैमियो करते नजर आ सकते हैं। रजनीकांत की फिल्म जेलर 2023 में रिलीज हुई। इस एक्शन थ्रिलर फिल्म ने रिलीज के साथ बॉक्स ऑफिस पर गदर मचाया था। इसके राइटर-डायरेक्टर नेल्सन दिलीप कुमार थे। सन पिक्चर्स के बैनर तले कलानिधि मारन द्वारा निर्मित इस फिल्म में रजनीकांत एक सेवानिवृत्त जेलर की भूमिका में थे, जो अपने परिवार को धमकाने वाले एक सनकी मूर्ति तस्कर को पकड़ने के लिए निकल पड़ते हैं।

फिल्म ने 600 करोड़ रुपए से अधिक का बिजनेस किया था। रजनीकांत अब नेल्सन दिलीप कुमार की मोस्ट अवटेड फिल्म जेलर 2 में काम कर रहे हैं। जेलर 2 में शाहरुख खान की एंट्री होने की खबरें सामने आ रही है। चर्चा है कि शाहरुख खान, फिल्म जेलर 2 में कैमियो करते नजर आ सकते हैं। इससे पहले शाहरुख खान की वर्ष 2011 में रिलीज हुई साई-फाई फिल्म रा-वन में रजनीकांत ने कैमियो किया था। वह रा वन में चिट्टी के किरदार में ही नजर आए थे, जो एक रोबोट था। हालांकि, उस फिल्म के बाद दोनों सुपरस्टार्स को कभी भी साथ में नहीं देखा गया। शाहरुख का किरदार कैसा होगा, इस पर अभी सस्पेंस रखा हुआ है। यह फिल्म 12 जून 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## क्रिसमस पार्टी में मलाइका ने हॉट लुक से उड़ाए सबके होश

# फ्रंट डीप नेक बोल्ड कट ड्रेस में दिखा किलर अंदाज





**बॉलीवुड** की ग्लैमरस डीवा मलाइका अरोड़ा एक बार फिर अपने फैशन और स्टाइल को लेकर सुर्खियों में आ गई हैं। क्रिसमस के खास मौके पर उन्होंने ऐसा लुक अपनाया कि सोशल मीडिया पर उनकी तस्वीरें और वीडियो आग की तरह वायरल हो गए। मलाइका के इस हॉट लुक के चर्चे हर तरफ हो रहे हैं। क्रिसमस पार्टी के लिए मलाइका अरोड़ा ने रेड थीम को चुना और रेड कलर की वन-पीस ड्रेस में बेहद हॉट नजर आईं। यह ड्रेस फ्रंट से डीप नेक और काफी बोल्ड कट में थी, जिसे मलाइका ने बेहद आत्मविश्वास के साथ कैरी किया। ब्रालैस अंदाज में उनका यह लुक काफी डेरिंग था, लेकिन उनके कॉन्फिडेंस और ग्रेस ने इसे और भी खास बना दिया। खुले बाल, सॉफ्ट मेकअप और स्टाइलिश बूट्स के साथ उन्होंने अपने लुक को परफेक्ट फिनिश दी। हालांकि, पार्टी के दौरान एक-दो बार मलाइका थोड़ी असहज भी नजर आईं, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने साबित कर दिया कि बोल्ड और डेरिंग आउटफिट्स को कैरी करने में उनका कोई मुकाबला नहीं है। उनके हर अंदाज में एक अलग ही चार्म नजर आया, जिसने फैंस का दिल जीत लिया। मलाइका अरोड़ा हर साल की तरह इस बार भी क्रिसमस को खास अंदाज में सेलिब्रेट करती दिखीं। दिन में उन्होंने अपनी मां के साथ सिंपल क्रिसमस लंच एंजॉय किया, जबकि रात में दोस्तों के साथ शानदार पार्टी का हिस्सा बनीं। फिटनेस और फैशन की मिसाल बन चुकी मलाइका अरोड़ा 52 साल की उम्र में भी यंग एक्ट्रेसेस को टक्कर देती नजर आती हैं। उनकी फिट बॉडी, स्टाइलिश अपीयरेंस और आत्मविश्वास देखकर कोई भी उनकी उम्र का अंदाजा नहीं लगा सकता। सोशल मीडिया पर भी मलाइका काफी एक्टिव रहती हैं और हर बार अपने नए लुक्स से ट्रेंड सेट कर देती हैं।

## कैलाश खेर के म्यूजिक कॉन्सर्ट में भीड़ ने मचाया हुड़दंग, सिंगर ने बीच में रोका शो, कहा- जानवरों की तरह व्यवहार मत कीजिए



**मशहूर** सिंगर कैलाश खेर अपनी दमदार सिंगिंग के लिए जाने जाते हैं। फैंस उनके गानों पर खूब प्यार बरसाते हैं। उनके म्यूजिक कॉन्सर्ट में भी उन्हें देखने और सुनने के लिए लाखों लोगों की भीड़ उमड़ती है। वहीं, हाल ही में कैलाश खेर का एक म्यूजिक कॉन्सर्ट हुड़दंग में बदल गया, जिससे परेशान होकर सिंगर को बीच में भी अपना शो बंद करना पड़ा।

दरअसल, बीते दिन ग्वालियर के मेला मैदान में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती के मौके पर कैलाश खेर का म्यूजिक कॉन्सर्ट आयोजित किया गया। पूरा शो हाउसफुल था और लोगों की भीड़ समा नहीं रही थी। वहीं इस कॉन्सर्ट में पहुंचे कुछ लोग स्टेज की तरफ बढ़ने लगे, जिसके बाद बवाल मच और शो को बीच में ही रोकना पड़ा। इतना ही नहीं कैलाश खेर को स्टेज से ही लोगों से अपील करनी पड़ी कि कृपया जानवरों की तरह व्यवहार मत कीजिए। साथ ही सिंगर ने पुलिस से भी आग्रह किया कि वहां स्टेज पर बैठे कलाकारों को सुरक्षा प्रदान की जाए, लेकिन इसका कोई खास असर नहीं हुआ। बता दें कि कैलाश खेर अक्सर ही म्यूजिक कॉन्सर्ट में नजर आते हैं और अपने गानों से समां बांधते रहते हैं, लेकिन हाल में इस कॉन्सर्ट में बेकाबू भीड़ को देख सिंगर भी हताश नजर आए और बीच में उन्हें अपना शो रोकना पड़ा।

## कैटरीना-विक्की ने न्यू बॉर्न बेबी के साथ मनाया फर्स्ट क्रिसमस



**एक्ट्रेस** कैटरीना कैफ के लिए इस साल का क्रिसमस और भी ज्यादा खास रहा, क्योंकि वह मां बनने के बाद पहली बार इस त्योहार को सेलिब्रेट कर रही हैं। एक्ट्रेस ने अपने न्यू बॉर्न बेबी के साथ पहला क्रिसमस मनाया, जिसमें पूरा कौशल परिवार एक साथ नजर आया। इस खास मौके की झलक भी कैटरीना ने सोशल मीडिया पर शेयर की है, जिस पर फैंस खूब प्यार लुटा रहे हैं।

बेटे के साथ कैटरीना का पहला क्रिसमसः मां बनने के करीब डेढ़ महीने बाद कैटरीना कैफ ने इंस्टाग्राम पर पहला पोस्ट शेयर किया, जिसमें वह अपनी फैमिली के साथ नजर आ रही हैं। फोटो में कैटरीना के साथ उनके पति विक्की कौशल, देवर सनी कौशल और उनके भाई नजर आ रहे हैं। तस्वीर में सभी बेहद सादगी भरे अंदाज में क्रिसमस सेलिब्रेट करते दिख रहे हैं।

सेलिब्रेशन फोटो में दिखा कौशल परिवारः फैमिली फोटो में कैटरीना को छोड़कर बाकी सभी ने सांता कैप पहनी है। रेड ड्रेस और नो-मेकअप लुक में कैटरीना के चेहरे पर मॉम ग्लो साफ नजर आ रहा है और बाकी सभी के चेहरे भी खुशी से खिले दिख रहे हैं। इस तस्वीर को शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा, सभी को प्यार, खुशी और शांति यह एक बहुत ही शानदार क्रिसमस है।

फैंस ने की खास फरमाइशः कैटरीना की इस पोस्ट पर फैंस ने जमकर प्यार लुटाया। कई लोग कपल की खुशी देखकर भावुक हो गए, तो कइयों ने एक्ट्रेस से जूनियर कौशल की झलक दिखाने की मांग भी कर डाली। फैंस बेसब्री से कैटरीना और विक्की के बेटे की पहली तस्वीर देखने का इंतजार कर रहे हैं।

बेटे का नाम अब तक नहीं किया गया रिवीलः बता दें कि कटरीना कैफ और विक्की कौशल ने 7 नवंबर को अपने बेटे का स्वागत किया था। हालांकि कपल ने अभी तक न तो अपने बेटे का चेहरा दिखाया है और न ही उसका नाम सार्वजनिक किया है। ऐसे में फैंस को उस दिन का इंतजार है, जब कपल अपने नन्हे मेहमान की पहली झलक शेयर करेगा।

# तीसरा टी20: आज सीरीज मुट्ठी में करने उतरेंगी भारत की शेरनियां

### तिरुवनंतपुरम में वापसी पर रहेगी श्रीलंका की नजर, शाम सात बजे से खेला जाएगा मुकाबला





**एजेंसी/ तिरुवनंतपुरमः** आत्मविश्वास से भरी भारतीय टीम अपनी लय बनाए रखते हुए खराब फॉर्म में चल रही श्रीलंकाई टीम के खिलाफ शुक्रवार को तीसरा टी-20 मैच और पांच मैचों की सीरीज जीतने के इरादे से मैदान में उतरेगी। भारत ने विशाखापत्तनम में पहले दो टी-20 मैचों में क्रमशः आठ और सात विकेट से जीत हासिल की है। यह भारत की पिछले 11 टी-20 मैचों में नौवीं जीत है। श्रीलंका ने आखिरी बार भारत को जुलाई, 2024 में दांबुला में हराया था। मेजबान टीम का बल्लेबाजी क्रम काफी मजबूत है और पिछले दोनों मैचों में अलग-अलग खिलाड़ियों ने जीत दिलाई है। पहले मैच में जेमिमा रोड्रिग्स ने शानदार खेल दिखाया था, वहीं दूसरे मैच में शेफाली वर्मा ने टीम को जीत दिलाई। भारत की गेंदबाजी भी उतनी ही दमदार है और स्पिनर्स ने पहले मैच में श्रीलंका को छह विकेट पर 121 और दूसरे मैच में नौ विकेट पर 128 रन पर रोक दिया।

युवा एन श्रीचरणी, वैष्णवी शर्मा और क्रांति गौड़ ने अनुशासित और असरदार गेंदबाजी की है। भारतीय टीम को फील्डिंग पर काम करना होगा, क्योंकि पहले मैच में पांच कैच छूटे थे, हालांकि दूसरे मैच में तीन रन आउट किए। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली भारतीय टीम अगले तीन मैचों में अपने प्रदर्शन को और बेहतर करना चाहेगी। दूसरी तरफ श्रीलंका को उम्मीद है कि जगह बदलने से उनकी किस्मत भी बदल जाएगी। हालांकि दोनों टीमों के प्रदर्शन में काफी फर्क है। श्रीलंका को दोनों मैचों में उसके बल्लेबाजों ने निराश किया। पहले मैच में विष्मी गुणरत्ने ने 43 गेंद में 39 रन बनाए, जबकि हसिनी परेरा और हर्षिता आक्रामक पारी नहीं खेल सकीं। दूसरे मैच में चामरी अटापट्टू के आउट होने के बाद श्रीलंका ने 26 रन के अंदर छह विकेट गंवा दिए।

**भारत**— हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, जेमिमा रोड्रिग्स, शेफाली वर्मा, हरलीन दियोल, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़, रेणुका सिंह ठाकुर, ऋचा घोष (विकेटकीपर), जी कमलिनी (विकेटकीपर), श्रीचरणी, वैष्णवी शर्मा।

श्रीलंका— चामरी अटापट्टू (कप्तान), हसिनी परेरा, विष्मी गुणरत्ने, हर्षिता समरविक्रमा, नीलाक्षी डी सिल्वा, कविशा दिलहारी, इमेशा दुलानी, कौशिनी नुथ्यांगना, मालशा शेहानी, इनोका राणावीरा, शशिनी गिम्हानी, निमेश मदुशानी, काव्या कविंदी, रश्मिका सेववंडी, मल्की मदारा।



## आईपीएल ऑल टाइम-11 से रोहित बाहर, एमआई के पूर्व खिलाड़ी क्रिस जॉर्डन ने आउट किए कप्तान

**नई दिल्लीः** पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान रोहित शर्मा को आईपीएल के सबसे सफल कप्तानों में गिना जाता है। इसके बावजूद आईपीएल इलेवन जो क्रिस जॉर्डन ने चुनी, उसमें उन्होंने रोहित शर्मा, कीरोन पोलार्ड को भी जगह नहीं दी। जॉर्डन ने अपनी टीम में विराट कोहली को ओपनर के तौर पर चुना। दूसरे ओपनर के तौर पर क्रिस गेल हैं, जबकि मिडिल ऑर्डर में एबी डिविलियर्स, सुरेश रैना और सूर्यकुमार को जगह दी गई है। टीम में विकेटकीपर और कप्तान के तौर पर एमएस धोनी को चुना। ऑलराउंडर की भूमिका सुनील नरेन और हार्दिक निभाएंगे। टीम के बॉलिंग अटैक में जसप्रीत बुमराह, लसिथ मलिंगा, चहल को जगह दी।

न्यूज ब्रीफ

## भाजपा बागबेड़ा मंडल में अटल जी की जयंती पर कई कार्यक्रम हुए

**जमशेदपुर :** भाजपा बागबेड़ा मंडल की ओर से पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 101 वीं जयंती मनाई। मंडल अध्यक्ष अश्विनी तिवारी के नेतृत्व में बागबेड़ा कॉलोनी में पांच नंबर रोड स्थित शिव मंदिर परिसर में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। लिट्टी पार्टी भी आयोजित किया गया। इस अवसर पर वरीय भाजपा नेता हरेंद्र सिंह, सुनील तिवारी, धनंजय उपाध्याय, कमल पांडेय समेत कई जिला नेता शामिल हुए।

## डॉ संजय होंगे एमजीएम मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य, डॉ बलराम झा अधीक्षक

**जमशेदपुर :** एमजीएम मेडिकल कॉलेज अस्पताल के नए अधीक्षक के रूप में मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डॉ। बलराम झा को पदस्थापित किया गया है। इस संबंध में स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अवर सचिव आनंद कुमार सिन्हा ने अधिसूचना जारी की है। वर्तमान अधीक्षक डॉ। आरके मंधान अगले वर्ष 31 मई को सेवानिवृत्त होने वाले हैं। वहीं, कॉलेज के नए प्राचार्य ईएनटी विभाग के अध्यक्ष डॉ। संजय कुमार होंगे। वह वर्तमान प्राचार्य डॉ। दिवाकर हांसदा का स्थान लेंगे, जो 31 जनवरी को सेवानिवृत्त होंगे। इसके अलावा फामाकोलॉजी विभाग के डॉ गजेंद्र सिंह को दुमका स्थित फूलों झानो चिकित्सा महाविद्यालय का प्राचार्य नियुक्त किया गया है।

वे वहां के वर्तमान प्राचार्य डॉ। अरुण चौधरी का स्थान लेंगे, जो 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। इधर, एफएमटी विभाग के प्राध्यापक डॉ जक्का श्रीनिवास राव को पलामू स्थित मेदिनी राय चिकित्सा महाविद्यालय का प्राचार्य बनाया गया है। वे डॉ पारसनाथ महतो के 31 जनवरी को सेवानिवृत्त होने के बाद पदभार संभालेंगे। हजारीबाग स्थित शेख भिखारी चिकित्सा महाविद्यालय के पीएसएम विभाग के प्राध्यापक डॉ। शुभाशीष सरकार को निदेशक, चिकित्सा शिक्षा, झारखंड के पद पर पदस्थापित किया गया है। दुमका मेडिकल कॉलेज के सर्जरी विभाग की प्राध्यापक डॉ। रूबेन हेंब्रम को वहां के अधीक्षक पद का प्रभार सौंपा गया है।

## जांच मशीनों के लिए जल्द आएगा केमिकल, महंगी जांच होंगी शुरू

**जमशेदपुर :** एमजीएम अस्पताल के पैथोलॉजी विभाग में नई जांच मशीनों के लिए जल्द ही केमिकल उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए अस्पताल अधीक्षक ने संबंधित विभाग को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए हैं। पैथोलॉजी विभाग में नई मशीनों पर जांच की प्रक्रिया शुरू तो हो चुकी है, लेकिन फिलहाल कुछ ही जांचें की जा रही हैं। कई महंगी जांच केमिकल की कमी के कारण अभी शुरू नहीं हो पाई हैं। अधीक्षक द्वारा केमिकल खरीदने के निर्देश के बाद इनके आने की प्रक्रिया तेज हो गई है। केमिकल उपलब्ध होते ही सभी तरह की जांचें अस्पताल में ही शुरू कर दी जाएंगी, जो अब तक निजी एजेंसी मेडाल के माध्यम से कराई जा रही थीं।

## धनबाद में दस जगहों पर लगेगी वायु प्रदूषण मापने की मशीन

**धनबाद :** शहर में जगह-जगह दिखने वाला एयर क्वालिटी इंडेक्स बोर्ड (वायु प्रदूषण मापने की मशीन) अब गांव में भी दिखाई देगा। जिले में दस जगहों पर नया एयर क्वालिटी इंडेक्स मशीन लगाई जाएगी। जिले में बढ़ते हुए वायु प्रदूषण की सही मात्रा मापने के लिए यह मशीन लगाई जाएगी। डीएमफटी फंड से जिला प्रशासन इसका भुगतान करेगा। धनबाद के सांसद-विधायक और जनप्रतिनिधियों की अनुशंसा पर एयर क्वालिटी इंडेक्स के लिए जगह चिह्नित की जाएगी। डीएमएफटी बोर्ड की बैठक में इसका प्रस्ताव पास कर दिया है। जनप्रतिनिधियों की अनुशंसा के बाद इसका टेंडर निकाला जाएगा। अभी शहर में दस जगहों पर एयर क्वालिटी इंडेक्स बोर्ड लगा हुआ है, जिसमें शहर के प्रदूषण की मात्रा से लेकर कई तरह के डेटा प्रदर्शित किया जा रहा है।

क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत धनबाद नगर निगम क्षेत्र में अभी यह मशीन लगी हुई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सेंट्रल सर्वर से यह जुड़ा हुआ है। धनबाद में प्रदूषण की मॉनिटरिंग सीधे मंत्रालय की ओर से की जाती है।

**धनबाद में यहां लगी हुई है मशीन :** नगर निगम कार्यालय, आईएसएम गेट, बिरसा मुंडा पार्क चौक, लिलोरी पार्क, चिल्ड्रन पार्क झरिया, वार्ड नंबर 23 के विवाह भवन के समीप, सिंदरी, पुटकी बलिहारी में यह मशीन लगी हुई है। इन इलाकों में प्रदूषण का सही आंकड़ा मिल पा रहा है। अब डीएमएफटी फंड से दस नए जगहों पर मशीन लगने से उन जगहों के प्रदूषण का आंकड़ा अब सरकार और लोगों तक पहुंच पाएगा।

## राजभाषा संघर्ष की नहीं, स्वीकार्यता की है भाषा : आस्था जैन

**धनबाद :** कोयला मंत्रालय की संयुक्त निदेशक (राजभाषा) आस्था जैन ने गुरुवार को बीसीसीएल मुख्यालय का राजभाषा निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ मंत्रालय के वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी मनीष कुमार भी थे। कोयला भवन में आयोजित निरीक्षण-सह-राजभाषा समीक्षा बैठक में बीसीसीएल के निदेशक (मानव संसाधन) मुरली कृष्ण रमैया समेत सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, राजभाषा विभाग एवं राजभाषा संवर्ग के कर्मी मौजूद थे। निरीक्षण दल ने बीसीसीएल में राजभाषा हिंदी के अनुपालन पर प्रसन्नता जतायी। अपने संबोधन में आस्था जैन ने कहा कि राजभाषा संघर्ष की नहीं, बल्कि स्वीकार्यता की भाषा है। हिंदी देश के विभिन्न प्रांतों को जोड़ने वाला वह सूत्र है, जो विविध भाषाओं को एकता में पिरोता है। गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग द्वारा सभी प्रमुख भारतीय भाषाओं में अनुवाद कार्य को बढ़ावा दिया जा रहा है, ताकि सभी भाषाओं को सम्मान देते हुए हिंदी का प्रभावी कार्यान्वयन हो सके।

**राजभाषा विभाग ने दी प्रस्तुति :** निरीक्षण के दौरान राजभाषा विभाग द्वारा अनुपालन से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत किये गये। वहीं पावरपॉइंट प्रस्तुति में बताया गया कि बीसीसीएल में पिछली तिमाही के दौरान 90।63 प्रतिशत पत्राचार हिंदी में किया गया। इसके अलावा कंपनी द्वारा राजभाषा पखवाड़ा, हिंदी प्रतियोगिताएं, कवि सम्मेलन, कार्यशालाएं तथा हिंदी पत्र-पत्रिकाओं का नियमित प्रकाशन किया जाता है। बीसीसीएल के निदेशक (मानव संसाधन) श्री रमैया ने कहा कि बीसीसीएल राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम के समापन पर श्रीमती जैन व मनीष कुमार को सम्मानित किया गया।

## साहिबजादों की शहादत पर निकला नगर कीर्तन, गुरुवाणी से गूंजा क्षेत्र

जमशेदपुर : चार साहिबजादों की शहीदी दिहाड़ा के पावन अवसर पर रिफ्यूजी कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा साहिब से पंच प्यारों की अगुवाई में भव्य नगर कीर्तन निकाला गया। नगर कीर्तन में गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष श्रद्धालुओं ने शीश नवाया और वीर बाल साहिबजादों की अमर शहादत को नमन किया। ह्नजो बोले सो निहाल, सत श्री अकालह्व के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा।

# हाथियों की सुरक्षा में रेलवे का सराहनीय कदम, चक्रधरपुर मंडल सम्मानित

**संवाददाता**

**चाईबासा :** वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए चक्रधरपुर डिविजन को बड़ा सम्मान मिला है। वाइल्ड लाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया ने हाथियों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए किए गए विशेष प्रयासों के लिए चक्रधरपुर मंडल के रेलवे अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया।

यह सम्मान समारोह आज चक्रधरपुर स्थित डीआरएम मीटिंग हॉल में आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता मंडल रेल प्रबंधक तरुण हुरिया ने की। इस अवसर पर रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी तथा वाइल्डलाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**12 ट्रेनों को रोककर बचाई गई 22 हाथियों की जान**

हाल ही में बिसरा और बोंडामुंडा के बीच केबिन ए सेक्शन में 22 हाथियों का एक झुंड रेलवे ट्रैक पार कर रहा था। इस स्थिति की गंभीरता को देखते हुए चक्रधरपुर मंडल द्वारा त्वरित और सक्रिय निर्णय लेते हुए 12 लंबी दूरी की ट्रेनों का परिचालन अस्थायी रूप से रोक दिया गया। इस दूरदर्शी कदम से संभावित वन्यजीव हादसे को टाल दिया गया और सभी हाथियों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित की गई।



**व्यस्त रेल मार्ग पर भी वन्यजीवों की सुरक्षा**

चक्रधरपुर मंडल हावड़ाझ्रमुंबई मुख्य रेल मार्ग पर स्थित है, जो देश के सबसे व्यस्त रेल मार्गों में से एक है। इसके साथ ही यह क्षेत्र झारखंड और ओडिशा के घने वन क्षेत्रों से जुड़ा हुआ है, जहां हाथियों की आवाजाही अक्सर देखी जाती है। इसे ध्यान में रखते हुए मंडल प्रशासन लगातार विशेष सतर्कता और एहतियाती उपाय अपनाता रहा है।

**वन विभाग के साथ समन्वय**

झारखंड एवं ओडिशा के वन विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर कई अवसरों पर ट्रेन परिचालन को नियंत्रित किया गया, ताकि हाथियों और अन्य वन्यजीवों को सुरक्षित रूप से रेल पटरियां पार करने का अवसर मिल सके। इस सम्मान समारोह के दौरान अंतर-विभागीय सहयोग की सराहना की गई और यह संदेश दिया गया कि भारतीय रेल मानवझ्रवन्यजीव सहअस्तित्व और संरक्षण के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। यह पहल ओडिशा और झारखंड के हाथी कॉरिडोर क्षेत्रों में वन्यजीव संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायक उदाहरण के रूप में देखी जा रही है।

# लोगों का मन मोह रहा लोहरदगा का धरधरिया जलप्रपात नए साल पर पिकनिक मनाने पहुंच रहे पर्यटक



**संवाददाता**

**लोहरदगा :** चारों तरफ ऊंचे-ऊंचे पहाड़, जंगलों की हरियाली, प्रकृति की सुंदरता, नजारा ऐसा कि किसी का भी मन मोह ले। लोहरदगा जिले का धरधरिया जलप्रपात कुछ ऐसा ही है। सालों भर यहां पर्यटकों को आना-जाना लगा रहता है। प्रकृति की सुंदरता मन मोह लेती है। नए साल पर तो यह इलाका कुछ ज्यादा ही गुलजार रहता है।

धरधरिया जलप्रपात अपने आप में बेहद खास है। एक समय ऐसा भी था, जब यहां दिन के उजाले में भी लोगों को डर लगता था। बाहर के लोग तो दूर की बात, स्थानीय लोग भी खौफ से सहमे रहते थे। अब माहौल बदल गया है। साल 2011 में 3 मई को यहां पर बड़ी नक्सली घटना हुई थी। जिसमें 11 जवान शहीद हो गए थे। इसके बाद धीरे-धीरे समय बदला। इलाके को नक्सलियों के डर से मुक्ति मिली। अब यहां पर पर्यटकों का आना-जाना लगा रहता है।

लोहरदगा जिला पहाड़ों और जंगलों से घिरा हुआ है। जहां का प्राकृतिक सौन्दर्य देखते ही बनता है। जिले के सेन्हा प्रखंड में स्थित धरधरिया जलप्रपात का दृश्य भी कुछ ऐसा ही है, मन को प्रफुल्लित करने वाला। पर्यटक धरधरिया जलप्रपात में नए साल के मौके पर प्रकृति की गोद में उत्सव मनाने पहुंचते हैं। यहां ऊंचाई से गिरता पानी और पहाड़ की सुंदरता मन को आनंदित करती है। नव वर्ष को लेकर धरधरिया जलप्रपात को पर्यटकों का इंतजार रहता है। पर्यटक भी धरधरिया के दीदार को बेताब रहते हैं।

नए साल को लेकर पर्यटक यहां पिकनिक मनाने पहुंचने लगे हैं। वे यहां की तस्वीरों को अपने कैमरे में कैद कर रहे हैं। इस जलप्रपात की सुंदरता खड़े चट्टान से गिरता जलप्रपात अपने आप में अद्भुत है। दूर-दूर तक फैली पहाड़ी और घने जंगल लोगों को रोमांचित करते हैं। प्रकृति की गोद में नए साल का स्वागत करने वाले लोगों के लिए यह जगह बेहद खास है। जिला प्रशासन क्षेत्र को पर्यटन विकास के दृष्टिकोण से देख रही है।

## कांग्रेस स्थापना दिवस को उत्सव के रूप में मनायें : भूपेंद्र

**धनबाद :** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सह प्रभारी भूपेंद्र मरावी गुरुवार को धनबाद पहुंचे। उनके साथ प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, जलेश्वर महतो, धनबाद जिला के पर्यवेक्षक अशोक चौधरी उपस्थित थे। बैठक में धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, नगर व प्रखंड स्तर के विभिन्न मोर्चा संगठनों के अध्यक्ष शामिल हुए। इस अवसर पर कांग्रेस सह प्रभारी भूपेंद्र मरावी ने कहा कि कांग्रेस के 140वें स्थापना दिवस को एक उत्सव के रूप में मनाने का निर्णय प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर लिया गया है। इसे सफल बनाने की जिम्मेदारी पार्टी के हर कार्यकर्ता की है। उन्होंने कांग्रेस संगठन को सशक्त व मजबूत बनाने को लेकर कई सुझाव दिये। ज्ञात हो कि प्रदेश सह प्रभारी भूपेंद्र मरावी के दायित्व संभालने के बाद यह उनका धनबाद जिले का प्रथम संगठनात्मक दौरा था, उन्होंने जिले में कांग्रेस संगठन की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की। बैठक का उद्देश्य आगामी 28 दिसंबर को कांग्रेस स्थापना दिवस पर आयोजित होने वाले जिला स्तरीय भव्य कार्यक्रम की तैयारियों पर चर्चा करना था। निर्णय लिया गया कि 28 दिसंबर को जिला स्तर पर भव्य कार्यक्रम होगा। वहीं जिले के सभी पंचायतों व वार्डों में कांग्रेस का झंडा फहराया जायेगा। पंचायत व वार्ड कमेटी के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों के आवासों पर भी पार्टी का झंडा लगाया जायेगा। स्थापना दिवस पर पार्टी के वरिष्ठ व समर्पित नेताओं को सम्मानित किया जायेगा।

बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति प्रक्रिया की समीक्षा : बैठक में संगठनात्मक अभियान ह्यसंगठन सृजनह्ण के तहत चल रही बीएलए-2 (बूथ लेवल एजेंट) की नियुक्ति प्रक्रिया की प्रगति की समीक्षा की गयी। प्रदेश नेतृत्व ने बूथ स्तर पर संगठन को और अधिक मजबूत करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष बजेंद्र प्रसाद सिंह, सुल्तान अहमद, प्रदेश प्रवक्ता शांतनु मिश्रा, प्रदेश महासचिव मदन महतो, रवींद्र वर्मा एवं रामगोपाल भुवानिया, युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज, मनोज यादव, दुर्गा दास तथा एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष गोपाल कृष्णा चौधरी उपस्थित रहे।

## कर्मियों को बंधक बना खदान से 200 फीट केबल की लूट

**संवाददाता**

**भौरा :** पूर्वी झरिया क्षेत्र व भौंरा ओपी अंतर्गत स्थित भौरा साउथ कोलियरी की 37/38 खदान से बुधवार की रात करीब 1।30 बजे हरवे हथियार से लैस अपराधियों ने कर्मियों को बंधक बनाकर करीब 200 फीट केबल लूट लिया। अपराधियों की संख्या करब दो दर्जन थी। सभी मुंह पर कपड़ा बांधे हुए थे। रात्रि पाली में कार्यरत करीब एक दर्जन मजदूरों को पिस्टल का भय दिखा कर उन्हें बत्ती घर में बंद कर दिया और खदान के अन्दर घुस कर करीब केबल काट लिया। इसकी कीमत करीब दो लाख रुपए है। घटना के बाद से कर्मियों में दहशत है। कर्मियों ने बताया कि अपराधियों ने उनका मोबाइल छीन कर उन्हें बत्ती घर के अंदर बंद कर दिया था।

तीन चार अपराधी बत्ती घर के बाहर खड़े हो गए और कह रहे थे कि अगर जरा सा भी हल्ला किया तो जान मार देंगे। बाकी अपराधी इधर उधर सड़क पर आने-जाने वालों पर नजर रखे हुए थे। बाकी अपराधी खदान में घुसे थे। केबल खदान से बाहर निकाल कर एक मालवाहक टेंपो पर लाद कर चलते बने। जाते-जाते अपराधियों ने मोबाइल लौट दिया।

# पिकनिक स्पॉट पर पुलिस की है खास नजर

**संवाददाता**

**पलामू :** दिसंबर के आखिरी हफ्ते की शुरूआत हो चुकी है। लोग नए साल का स्वागत और जश्न मनाने के लिए पिकनिक स्पॉट पर जाने लगे हैं। नए साल के जश्न के दौरान पुलिस ने भी अपनी निगरानी बढ़ा दी है। कई लेवल पर कदम उठाए गए हैं। 2024 में नए साल के जश्न के दौरान पलामू में सड़क हादसों में सात से ज्यादा लोगों की मौत हो गई थी, जबकि दो दर्जन से ज्यादा लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। हालात को देखते हुए पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया है और सख्त कदम उठाने शुरू कर दिए हैं।

पिकनिक स्पॉट और सड़कों पर पुलिस की तैनाती बढ़ा दी गई है। लोग अक्सर नए साल का जश्न मनाने के लिए नदियों, झीलों और तालाबों के किनारे जाते हैं। 2025 में अच्छी बारिश हुई है और कई इलाकों में जल स्त्रोत भरे हुए हैं। हालात को देखते हुए पुलिस ने चेतावनी भी जारी की है और लोगों से सावधान रहने की अपील की है।



पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने कहा कि अच्छी बारिश के कारण कई जल स्त्रोत भरे हुए हैं। लोगों से पिकनिक स्पॉट पर सावधानी बरतने की अपील की गई है। एसपी ने कहा कि कई इलाकों में पुलिस बल तैनात किया गया है और निगरानी बढ़ा दी गई है। ड्रिंक एंड ड्राइव वालों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

दरअसल, पलामू इलाके में कई बड़े पिकनिक स्पॉट हैं। बिहार से लोग पलामू टाइगर रिजर्व और दूसरे इलाकों में जश्न मनाने के लिए पलामू से होकर जाते हैं। लोग केचकी संगम, कोयल और सोन नदियों के किनारे पर जश्न मनाने के लिए इकट्ठा होते हैं। इसे देखते हुए इलाके में कई ब्लैक स्पॉट चिन्हित किए हैं, जहां अक्सर सड़क दुर्घटनाएं होती हैं।

# तीन दिन से लापता झरिया के लोडर सुबोध सिन्हा का शव गोविंदपुर में मिला

**संवाददाता**

**गोविंदपुर/झरिया :** गोविंदपुर थाना अंतर्गत कालाडीह पुलिया के नीचे गुरुवार सुबह शव मिलने से सनसनी फैल गई। शव हार्डकोक भट्ठा के लोडर 45 वर्षीय सुबोध कुमार सिन्हा था। वह तीन दिनों से गायब थे। मृतक झरिया थाना क्षेत्र के भगतडीह परसाटांड़, झरिया के रहने वाले थे। ग्रामीणों की सूचना पर गोविंदपुर पुलिस इंस्पेक्टर विष्णु प्रसाद राउत दलबल के साथ पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव लेकर ब्लैक डायमंड हार्डकोक भट्ठा के गेट पर बैठ गए और 50 लाख रुपए मुआवजा मांगने लगे। बाद में पांच लाख रुपए मुआवजा पर सहमति बनी। इसके बाद परिजन शव लेकर अपने घर चले गए।

परिजनों का कहना था कि उनकी हत्या हुई है। मृतक के परिवार में पत्नी बबीता देवी तथा दो बेटियां ईशा कुमारी (18 वर्ष) और कशिश (17 वर्ष) शामिल हैं।



परिजनों के अनुसार कोयला सप्लायर युगल किशोर अग्रवाल के लिए सुबोध विभिन्न हार्डकोक भट्ठा में ट्रक लोडिंग करवाते थे। परिजनों के अनुसार सुबोध कुमार सिन्हा 22 दिसंबर की सुबह करीब 7 बजे अपने घर से निकले थे। वह गोविंदपुर थाना क्षेत्र के कालाडीह स्थित ब्लैक डायमंड हार्ड कोक भट्ठा में ट्रक लोडिंग कराने गए थे। लोडिंग कार्य समाप्त होने के बाद शाम करीब पांच बजे गाड़ी के कागजात देने की बात कहकर भट्ठा परिसर से बाहर निकले। इस दौरान पत्नी से बातचीत भी हुई। बाद में मोबाइल फोन स्विच ऑफ हो गया। देर रात तक घर न लौटने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इस संबंध में पत्नी ने गोविंदपुर थाना में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी। मृतक के भाई प्रमोद कुमार सिन्हा ने हत्या की आशंका जतायी है। शव के पोस्टमार्टम के बाद बिसरा प्रिजर्व रखा गया है। उनका बायां पैर टूटा हुआ था। सिर में चोट के निशान थे। इस संबंध में पुलिस इंस्पेक्टर विष्णु प्रसाद राउत ने बताया कि परिजनों द्वारा आवेदन के बाद पुलिस मामले में अगली कार्रवाई करेगी। ब्लैक डायमंड हार्डकोक भट्ठा के मालिक रामेश्वर अग्रवाल ने परिजनों को कहा कि सुबोध सिन्हा उनके कर्मचारी नहीं थे। वह ट्रांसपोर्टर के लिए विभिन्न भट्ठा में लोडिंग का काम करवाते थे। इसके बाद भी मृतक के परिजनों के प्रति सहानुभूति स्वरूप पांच लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई।